हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 14 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.6 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

10 बसों में चस्पा होगी किराया सूची अधिक वसूलने पर अब कार्रवाई

11 सतनामी समाज की बैठक सेलूद में आयोजित




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# अगले दो दिन में विदा ले लेगा मानसून, दिवाली के बाद गुलाबी ठंड होगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस साल का मानसून अब विदाई की ओर है। अगले दो दिन में मानसून विदा ले लेगा। पिछले साल भी 15 अक्टूबर तक मानसून की विदाई हो गई थी। विदाई के इस दौर में लोगों को कुछ दिन खंड बौछारें देखने मिल सकती है। यानी एक सेक्टर में चंद मिनटों के लिए हल्की बारिश रहेगी और उसी सेक्टर के दूसरे छोर पर सूखे की स्थिति।

अलग खबर

## एक-दो दिन कहीं-कहीं हल्की बौछारें पड़ सकती हैं

### वातावरण 84 प्रतिशत आर्द्रता बढ़ी

लोगों को मानसून के अंतिम दौर में उमसभरी गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। दिन में लोगों को धूप चुभने लगी है। वहीं शाम होते ही हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। दिन और शाम का तापमान में भारी उतार-चढ़ाव की वजह से मौसम में आर्द्रता बढ़ रही है। जिससे उमस के हालात बन रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक सुबह साढ़े 8 बजे वातावरण में 84 प्रतिशत आर्द्रता और शाम को यह 66 प्रतिशत तक हो जाती है।



### तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग का तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। रविवार को अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा है।

### इस तरह हो रही है मानसून की वापसी

मौसम विज्ञानी एच पी चंद्रा बताते हैं कि मानसून की वापसी की रेखा दरभंगा, हजारीबाग, पेंड्रारोड, खरगौन, नंदुरबार, नवसारी से होकर गुजर रही है। 14 अक्टूबर को आसमान साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है।

### गुलाबी ठंड होगी दिवाली के बाद शुरू

मौसम विभाग के मुताबिक सर्दी का मौसम दिवाली के बाद शुरू होने जा रही है। यानी अक्टूबर महीने तक मौसम शुष्क सा रहेगा। इस बीच हल्की बारिश हो सकती है। उसके बाद नवंबर महीने से सर्दी का मौसम शुरू हो जाएगा। शुरूआत में गुलाबी ठंड का एहसास लोगों को होने लगेगा। इस सर्दी सीजन में ठंड भी अच्छी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। जनवरी महीने में ठंड ज्यादा रह सकती है।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर की फ्री ट्रेनिंग के लिए पंजीयन 17 तक

**दुर्ग।** जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर निशुल्क आवासीय शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए माह नवम्बर में आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। अप्रैल में थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। चयनित आवेदकों को यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाले आवेदक इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं। इस आवासीय प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक शासन द्वारा जारी लिंक के माध्यम से आवासीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवेदक उक्त फार्म भरेंगे उन्हें 17 अक्टूबर को शारीरिक मापदण्ड के परीक्षण के लिए 11 बजे सेना भर्ती कार्यालय द्वारा जारी प्रवेश पत्र की छायाप्रति एवं आवेदन पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में उपस्थित होना आवश्यक है।

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लहराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जोन 2 निवासी मिथलेश पाठक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पैंट की कमर के पीछे स्टील कलर का धारदार कटार छिपाकर रखा हुआ था। जिसकी कीमत पांच सौ रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ नकेल कसने लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

## हीमोग्लोबीन, प्लेटलेट, इंफेक्शन सहित अन्य जांच प्रभावित

# जिला अस्पताल हमर लैब की दो सीबीसी मशीनें बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि सरोकार

जिला अस्पताल हमर लैब की करोड़ों की कीमती दो सीबीसी मशीनें बंद पड़ी है। पांच महीने पहले यहां की सभी चार सीबीसी मशीनें बंद हो गई थी। इसमें से दो का सुधारा जरूर गया लेकिन दो और सीबीसी मशीनें खराब पड़ी है। जिसकी वजह से मरीजों का हीमोग्लोबीन, प्लेटलेट, इंफेक्शन सहित अन्य जांच प्रभावित हो रहे हैं। मरीजों का रिपोर्ट भी सही समय पर नहीं मिल पा रही है। रिपोर्ट के लिए मरीजों के परिजनों को चक्कर काटने पड़ रहे।



### डेंगू, स्वाइन फ्लू जैसी बीमारी है फैली

जिला अस्पताल में हमर लैब इसलिए खोला गया है कि जिलेभर के आने वाले मरीजों को चिकित्सा सेवा का समुचित लाभ मिल सके। इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव चल रहा है। इसलिए इंफेक्शन का सीजन हैं। डेंगू व स्वाइन फ्लू की बीमारी इन दिनों पैर पसार रही है। मौजूदाहालात को देखते हुए हमर लैब की सीबीसी मशीन की उपयोगिता महत्वपूर्ण है।

### निजी पैथालॉजी जा रहे मरीज

जिला अस्पताल में मरीजों की ओपीडी रोजाना औसतन 950 की है। सीजन में यह बढ़कर 1000 से ज्यादा हो गई है। चार सीबीसी मशीनों से मरीजों के टेस्ट होते रहे हैं। दो सीबीसी मशीन खराब होने से मरीजों को निजी पैथालॉजी में जाना पड़ रहा है। मरीज बताते हैं कि अस्पताल के सामने निजी पैथालॉजी लैब में जाने की सलाह अस्पताल का स्टॉफ दे रहा है।

### ब्लड रिपोर्ट को लेकर संदेह

हमर लैब में पांच महीने से चारों सीबीसी मशीनें खराब चल रही थी। दो मशीनों का दो दिन पहले ही सुधारा गया है। मरीजों ने बताया कि ब्लड रिपोर्ट को लेकर संदेह के हालात हैं। ब्लड बैंक की एक महिला डॉक्टर महीनों से ड्यूटी पर नहीं आ रही है। जिसकी वजह से रिपोर्ट में अधिकृत डॉक्टर के हस्ताक्षर के बिना ही मरीजों को रिपोर्ट थमाए जा रहे हैं। टेक्नीशियन के हस्ताक्षर वाले रिपोर्ट को निजी डॉक्टर मान नहीं रहे हैं। जिसकी वजह से मरीजों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### क्या है सीबीसी टेस्ट

सीबीसी टेस्ट को कंप्लीट ब्लड काउंट टेस्ट भी कहा जाता है। यह वो ब्लड टेस्ट है जो आपके खून में अलग-अलग सेल के लेवल को मापता है। इसमें रेड ब्लड सेल, व्हाइट ब्लड सेल, हीमोग्लोबिन और प्लेटलेट शामिल हैं। इस टेस्ट से विभिन्न स्थितियों का पता चलता है जैसे एनेमिया, ब्लड इंफेक्शन और ल्यूकेमिया। यह उन लोगों के स्वास्थ्य पर भी नजर रखने में मदद कर सकता है जो लंबे समय से चली आ रही बीमरियों जैसे कैंसर, डायबिटीज या एड्स से ग्रसित हैं। संक्रमण के लक्षण हों जैसे बुखार, थकान या सांस की तकलीफ।

### तकनीकी खामी

हमर लैब की दो सीबीसी मशीन पहले ही हमने सुधारवा ली है। दो मशीनों में तकनीकी दिक्कतें आई है। उसे भी जल्द सुधरवा लिया जाएगा। मरीजों को दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।
**डॉ. हेमंत साहू,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### मारपीट कर धमकी देने वाले तीन पर केस दर्ज

**धमधा।** मारपीट के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 296,351(2),115(2),3(5) के तहत तीन लोगों के खिलाफ कार्रवाई किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम सिल्ली निवासी गोपी राम ढीमर मिस्त्री का काम करता है। कांति साहू के दुकान के चौरा पर अंगद पटेल, उमेंद्र पटेल, गिरधारी साहू साथ में बैठकर बातचीत कर रहे थे। कांति साहू का बेटा फलेश साहू आया और पीड़ित को गाली गलौज करने लगा। पिता कांति साहू को उसका बेटा बुलाकर लाया और हाथ मे रखे डंडे से पीड़ित के साथ पिटना शुरु कर दिया। इसके अलाना धमकी दिया। उसके बाद कांति साहू का भतीजा उमेश साहू भी गाली गलौज कर मारपीट किया।

नंदिनी थाना क्षेत्र की घटना

# आमने-सामने वाहनों की टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बाइक एक्टिवा में आमने सामने भिडंत मामले में एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य लोग गंभीर रुप से घायल है।

नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम-खपरी निवासी नारायण प्रसाद वर्मा अपनी बाइक से भिलाई से अहिवारा आ रहा था। इस दौरान अहेरी एरोड्रम के पास तेज रफ्तार से आ रही एक्टिवा ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में बाइक चालक नारायण की मौके पर मौत हो गई। वहीं एक्टिवा चालक व पीछे बैठे 7 वर्ष बालक को गंभीर चोट आई है। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह डेमेंज हो गया है। जहां हादसा हुआ है अक्सर उक्त घटनास्थल पर हादसा होता आया है लेकिन सुरक्षा व्यवस्था का कोई भी पुख्त इंतजाम अब तक नहीं की गई है। इस कारण दोनों छोर से वाहन चालक रफ्तार में चलाया करते है।

- हादसे में और भी लोग है घायल, पुलिस कर रही जांच

# पुरानी रंजिश के चलते मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि कुआ चौक डिपरा पारा वार्ड 39 दुर्ग निवासी गजेन्द्र यादव ने शिकायत किया है कि खाना खाकर घर के बाहर टहलने निकला था। गजेन्द्र डिपरा पारा में टहल रहा था तभी मोहल्ले के संजय ऊर्फ संजू सोनकर, घनश्याम ऊर्फ लल्ला सोनकर, लवकुश क्षत्रिय तीनों खडे थे। पीड़ित को देखकर नवरात्रि पर्व में माता का चुनरी शोभायात्रा निकाले थे। जहां वाहन को आगे पीछे करने की बात को लेकर पीड़ित से तीनों विवाद करने लगे। युवकों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर संजय ऊर्फ संजू सोनकर अपने हाथ में रखे पेचकस से पीड़ित के माथा में जोरदार हमला कर दिया। घटना में पीड़ित के माथे से खून निकलने लग गया। विवाद को देख बीच बचाव करने के लिये पिता महावीर यादव, भाभी अश्वनी यादव पहुचे। तीनों युवकों ने पीड़ित को गाली गलौज कर हाथ मुक्के से मारपीट करना शुरु कर दिया। घटना में महावीर यादव के दाहिना कान और भाभी अश्वनी को भी चोट आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र में लगातार मारपीट की वारदाते सामने आ रही है। फरार आरोपी पकड़ने के लिए पुलिस जुटी हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है।

- गाड़ी हटाने को लेकर हुआ था विवाद
- हाथ-मुक्का से की गई मारपीट, जुर्म दर्ज

# 'साइबर रावण' दहन कर फ्रॉड रोकने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुलिस के राज्य व्यापी साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के तहत दुर्ग जिले में साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध से बचने के लिए लगातार जागरुक किया जा रहा है। आईजी रामगोपाल गर्ग के मार्गदर्शन और एसपी जितेन्द्र शुक्ला के पर्यवेक्षण में अभियान चल रहा है। साइबर अपराध से बचाव के लिए 'साइबर रावण' तैयार किया गया। जो यह संदेश देता है कि लोगों की अज्ञानता ही उसकी ताकत है। विजयदशमी पर रावण दहन के प्रतीक के माध्यम से समाज में मौजूद बुराइयों का नाश करने का संदेश दिया जाता है। इसी तर्ज पर 'साइबर रावण' यह बताता है कि साइबर अपराधों के पीछे लोगों की जागरूकता की कमी है। जागरूकता का संदेश देने के लिए ही दुर्ग पुलिस ने यह कदम उठाया है। न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति पदमनाभपुर के द्वारा मिनी स्टेडियम में बने 'साइबर रावण' के पुतले पर प्रमुख साइबर अपराधों के नाम जैसे ओटीपी फ्रॉड, टेलीग्राम लाइक और शेयर फ्रॉड, इंश्योरेंस फ्रॉड, ओएलएक्स आर्मी फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन, लोन ऐप फ्रॉड, व्हाट्सऐप डीपी फ्रॉड लिखे गए हैं। यह संदेश भी दिया गया है, साइबर जागरूकता ही एक उपाय है, जो इस साइबर रावण का अंत कर सकती है |पुलिस ने जनता से 'साइबर प्रहरी' अभियान से जुड़ने और साइबर अपराधों के खिलाफ सतर्क रहने की अपील की है। इस दौरान ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन, नोडल अधिकारी संकल्प राय, निरीक्षण अंबिका प्रसाद ध्रुव आदि मौजूद थे।



- ठगी को लेकर पुलिस का बड़ा अभियान

### धोखाधड़ी से बचने जागरुकता जरुरी

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने के इस अनोखे प्रयास के तहत 'साइबर रावण' तैयार किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाओं पर रोकथाम लगाना और लोगों को सतर्क करना है। हर साल हजारों लोग साइबर अपराधियों का शिकार होते हैं, जिससे उन्हें लाखों-करोड़ों रुपये का नुकसान उठाना पड़ता है। इस 'साइबर रावण' के माध्यम से दुर्ग पुलिस की यह पहल साइबर अपराध के खिलाफ जनजागरूकता को बढ़ावा देगी। साइबर अपराधों में कमी लाने में मदद करेगी।

## दूसरे दिन भी विसर्जन...



**भिलाई।** रविवार को लगातार दूसरे दिन मातारामी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मुख्य रूप से शिवनाथ, खारून नदी, मरोदा डेम, शीतला तालाब सुपेला में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे विधि-विधान के साथ किया गया।

# फॉर्मेसी की आधे से ज्यादा सीटें खाली, 16 से एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एजुकेशन हब भिलाई में स्टूडेंट्स फॉर्मेसी कोर्स को लेकर रूचि नहीं ले रहे हैं। बता दें कि भिलाई सहित प्रदेश में फॉर्मेसी कॉलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुछ ही वर्षों में प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बढ़कर 90 से अधिक हो गई है। इनमें एडमिशन को लेकर स्थिति बेहद खराब है। शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग शुरू है। पहले राउंड के तहत सीटें अभी आवंटित नहीं की गई है। इस राउंड में बी. फार्मेसी व डी. फार्मेसी की आधी से ज्यादा सीटें खाली रहेगी। दरअसल, दोनों कोर्स की करीब साढ़े 9 हजार सीटें हैं। इनमें प्रवेश के लिए करीब 4600 आवेदन आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि एम. फार्मेसी के लिए 513 आवेदन आए हैं। कॉलेजों में एम. फार्मेसी की 629 सीटें हैं। सभी सीटें अलॉट होने के बाद भी सौ से ज्यादा सीटें खाली रहेगी। इसी तरह बी. फार्मा लेटेरल एंट्री की 1488 सीटें हैं, इनमें प्रवेश के लिए 164 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया है। 15 अक्टूबर की इनकी भी आवंटन लिस्ट जारी होगी। वहीं बी. फार्मेसी, डी. फार्मेसी, एम. फार्मेसी व बी. फार्मेसी लेटेरल एंट्री से प्रवेश के लिए दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 22 अक्टूबर से शुरू होगी। काउंसिलिंग 30 नवंबर तक चलेगी।

- 4500 आवेदन आए, पहले राउंड में नहीं दिखाई रूचि

### गर्ल्स पॉलीटेक्निक में फार्मेसी की सीटें बढ़ी

जानकारी के मुताबिक गर्ल्स पॉलीटेक्निक में फॉर्मेसी की सीटों में बढ़ोतरी की गई है। अब 60 छात्रों को प्रवेश दिया जाना है। शासकीय संस्थान में फीस कम है। इसके अलावा यहां कई अन्य सुविधाएं भी हैं। इस वजह से इसकी डिमांड ज्यादा है। इसके अलावा फॉर्मेसी में एडमिशन की पहली आवंटन लिस्ट 15 अक्टूबर को जारी होगी। 16 से 21 अक्टूबर तक संबंधित कॉलेजों में प्रवेश दिए जाएंगे। पिछले वर्षों के आंकड़ों को देखा जाए तो पिछली बार यानी 2023 में भी बी. फार्मा और डी. फार्मा की सीटें आधी से ज्यादा सीटें खाली रह गई थी।

## धार्मिक स्थल के नाम पर अवैध कब्जे को हटाया था भिलाई निगम ने

# मोहर्रम करबला की अपील हाईकोर्ट ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भिलाई नगर की मोहर्रम करबला समिति द्वारा दायर रिट अपील खारिज कर दी है। समिति ने अपने धार्मिक स्थल के विध्वंस के खिलाफ एकल न्यायाधीश द्वारा 17 सितंबर 2024 को दिए गए आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने कहा कि एकल न्यायाधीश के आदेश में कोई अवैधानिकता या क्षेत्राधिकार की त्रुटि नहीं थी, जिसके लिए उसमें हस्तक्षेप किया जाए। खंडपीठ ने समिति के लंबित आवेदन पर छह महीने के भीतर निर्णय लेने के लिए भी कहा है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने यह निर्णय सुनाया।




हाईकोर्ट के आदेश पर कार्रवाई : पुलिस और भिलाई निगम के अ
मजार के सामने करोड़ों की जमीन पर अवैध कब्जा, निगम

मामले में समिति की ओर से अब्दुल वाहब स्वान थे, जबकि प्रतिवादियों की ओर से महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत और उप महाधिवक्ता शशांक ठाकुर ने तर्क प्रस्तुत किए। प्रतिवादी पक्ष में छत्तीसगढ़ के राजस्व और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव, दुर्ग कलेक्टर, और भिलाई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकारी शामिल थे। समिति के धार्मिक स्थल को अवैध निर्माण घोषित कर भिलाई नगर निगम ने 5 सितंबर 2024 को नोटिस जारी किया था। जिसमें स्थल को खाली करने के लिए केवल तीन दिन का समय दिया गया। समिति ने 6 सितंबर को रिट याचिका दायर की, लेकिन निगम ने 9 सितंबर को बुलडोजर चलाकर निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस विध्वंस के खिलाफ समिति ने अदालत में याचिका दायर की थी। समिति के वकील ने तर्क दिया कि विध्वंस बिना कानूनी प्रक्रिया का पालन किए मनमाने ढंग से किया गया। वहीं, प्रतिवादियों ने कहा कि जनवरी 2024 में ही समिति को अवैध निर्माण के बारे में सूचित कर दिया गया था, लेकिन समिति ने निर्देशों का पालन नहीं किया, जिसके चलते निगम को कार्रवाई करनी पड़ी। न्यायालय ने यह भी कहा कि समिति पहले ही कई बार नोटिस मिलने के बावजूद सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करती रही, और रिट याचिका में विध्वंस के मुआवजे की मांग भी नहीं की गई थी। खंडपीठ ने इस बात पर भी जोर दिया कि भूमि आवंटन के लिए समिति के लंबित आवेदन पर दुर्ग जिला कलेक्टर की ओर से विचार किया जा रहा है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### कोटनी में जलाया गया अहंकारी रावण का पुतला

दुर्ग। ग्राम कोटनी में दशहरा विजयादशमी मनाया गया। दशहरा भारत में एक प्रमुख त्योहार है, जो राम के राक्षस रावण पर विजय का उत्सव के लिए मनाया जाता है। अंधकार पर प्रकाश की विजय का भी प्रतीक है। बुराई पर अच्छाई की जीत विजयादशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है।

### सेनानी स्वच्छता के लिए करेंगे प्रेरित, लिया निर्णय

दुर्ग। गत दिवस छग प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन, दुर्ग जिला इकाई की बैठक न्यू आदर्श नगर में पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाकर आम जनता को स्वच्छता के लिये प्रेरित करना। मोहल्ले में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने आम जनता तथा उच्चाधिकारियों को प्रेरित करना तथा इसके लिये नगर पालिक निगम तथा ग्राम पंचायत को भी साथ लेकर चलना होगा। देश की आजादी के उपरांत देश के समस्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा स्वस्फूर्त होकर स्वच्छता अभियान को देश का प्रथम कर्तव्य के रूप में आदोलन चलाया था, उसी तरह उनके परिजनों द्वारा भी संकल्प पारित कर क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उपरोक्त बैठक में कोषाध्यक्ष दीपक चौबे, अध्यक्ष अशोक ताम्रकार, घनश्याम जोशी, छबिराम चन्द्राकर, चन्द्रहास मोरैय्या, राजेन्द्र चौहान, पुष्पलता चौबे, बाल कल्याण समिति के पूर्व सदस्य प्रीति अजय बेहरा तथा बिरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### जयप्रकाश नारायण की मनाई गई जयंती

दुर्ग। लोकतंत्र सेनानी संघ भिलाई दुर्ग द्वारा 11 अक्टूबर को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की 119 वी जयंती जेपी चौक सेक्टर 2 पर मीसा बंदियों द्वारा मनाई गई । लोकनायक जयप्रकाश के प्रतिमा पर फूलमाला अर्पित किए जयंती पर सभी का मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ के दुर्ग संभाग के प्रभारी योगेंद्र सिंह सहित राम पाटणकर, प्रभु नाथ मिश्रा, राजदेव सिंह, ईश्वर बघेल, मनोज विशाल, राजेश त्रिपाठी, गोवर्धन जायसवाल, विशाल राजहंस, मनोज ठाकरे, किशोर कनोजे, आदि उपस्थित थे। प्रभु नाथ मिश्रा जने लोकनायक जयप्रकाश के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समग्र क्रांति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश ही थे जिन्होंने भारत में लोकतंत्र को बचाया। राजदेव सिंह ने भी अपने विचार रखें। संचालन योगेंद्र सिंह ने किया धन्यवाद ज्ञापन गोवर्धन जायसवाल ने किया

# 5 साल में बनेगा जिले के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयास से 179 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है। 179 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 29.20 लाख होगी। उक्त कार्य महतारी सदन योजना के बजट से 24.70 लाख तथा स्वच्छ भारत मिशन के बजट से 4.50 लाख के अभिसरण से किया जाएगा। इस प्रकार 179 महतारी सदन हेतु 52 करोड़ 20 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है।

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा महतारी सदन




### पहले चरण मे प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में बनना होगा शुरु

प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफुट में कराया जाएगा। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हाल, किचन और स्टोररूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाये जाएंगे। महतारी सदन में सामुदायिक शौचालय का भी निर्माण किया जाएगा।

### राज्य शासन ने दूरी के हिसाब से निर्धारित की है राशि

# बसों में चस्पा होगी किराया सूची अधिक वसूलने पर अब कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। राज्य शासन ने बस संचालकों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए किराया निर्धारित कर दिया है। जारी आदेश के तहत बसों में सूची चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य शासन के इस निर्देश के बाद आरटीओ विभाग द्वारा बसों में सूची चश्मा की जा रही है, वहीं संचालकों को भी शख्त निर्देश दिए जा रहे हैं, कि निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली करने पर कड़ी कार्रवाई होगी।

उल्लेखनीय है कि, बस संचालकों की लगातार मनमानी की शिकायत आती रही है, यात्रियों से अधिक राशि वसूली के चलते विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। लेकिन राज्य शासन द्वारा किसने आदेश को शक्ति से जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। आरटीओ विभाग द्वारा नया बस स्टैंड से लेकर चौक चौराहा में रुकने वाले बसों में सूची चस्पा की जा रही है। आरटीओ अधिकारी सेल लकड़ा ने बताया कि शासन के निर्देश के बाद सभी बसों में सूची चस्पा करने की कार्यवाही की जा रही है। राज्य शासन द्वारा जारी किए गए निर्देश के तहत, सुपर लक्जरी वातानुकूलित क़े लिए रू. 8.75 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू.2.75 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए। वही सुपर लक्जरी वातानुकूलित अर्द्ध एवं शयनयान क़े लिए रू. 8.75 प्रति यात्री प्रथम 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रु.2.75 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए। और वातानुकूलित अर्द्ध-शययान में सीटों के लिए रू. 3.13 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर तथा शययान (बर्थ) के लिए रू. 3.44 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर। इसके अलावा साधारण बस सेवा के लिए रू. 07.50 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू. 01.25 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए। वही साधारण रात्रि कालीन बस सेवा के लिए साधारण बस सेवा के किराये का 10% (दस प्रतिशत) अधिक होंगी। वही डीलक्स बस सेवा के लिए रु. 07.50 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू. 01.63 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर। डीलक्स रात्रि कालीन सेवा के लिए रु. 07.50 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू. 01.75 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर।

## 300 से अधिक बसों में लगेगी सूची, मनमानी पर लगेगी लगाम



### एक परिचारक सहित, इन्हें मिलेगी किराये में 100 प्रतिशत छूट

राज्य शासन द्वारा किराए के अलावा सीनियर सिटीजन को भी पूरी छूट दी जा रही है, जिसमें दृष्टिहीन व्यक्ति, बौद्धिक दिव्यांग व्यक्ति, दिव्यांग व्यक्ति, जो दोनों पैरो से चलने में असमर्थ हो, वरिष्ठ नागरिक, जिनकी उम्र 80 (अस्सी) वर्ष या उससे अधिक हो, एच. आई. व्ही. एड्स से पीड़ित व्यक्ति को भी पूरी छोड़ दी जाएगी। इन सीनियर सिटीजन के साथ परिचायक के रूप में शामिल लोगों को भी छोड़ दी जाएगी।

### डीलक्स रात्रिकालीन सेवा के लिए

डीलक्स शयनयान रू. 07.50 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू. 01.75 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर और डीलक्स शयनयान कोच एवं अर्द्ध-शयनयान कोच सेवा वातानुकूलन रहित के लिए डीलक्स शयनयान रू. 07.50 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू. 01.94 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए। डीलक्स अर्द्ध-शयनयान के लिए रू. 07.50 प्रति यात्री, प्रति 05 किलोमीटर दूरी के लिए तथा तत्पश्चात सीटों के लिये रू. 01.63 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर तथा शयनयान (बर्थ) के लिये रू. 01.94 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर। डीलक्स शयनयान यां कोच एवं अर्धशयनयान कोच सेवा वातानूकूलन सहित के लिए डीलक्स शयनयान वातानुकूलन के लिए रु. 07.50 प्रति यात्री 05 कि.मी. की दूरी तक के लिए और तत्पश्चात रू. 02.81 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर या उसके भाग के लिए। तथा डीलक्स वातानुकूलित अर्द्ध-शयनयान के लिए रू. 07.50 प्रति यात्री, प्रति 05 किलोमीटर दूरी के लिए तथा तत्पश्चात सीटों के लिये रू. 02.38 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर तथा शयनयान (वर्थ) के लिये रू. 02.81 प्रति यात्री, प्रति किलोमीटर दी जाएगी।

### निर्देश दिए गए

राज्य शासन द्वारा बस किराए के लिए राशि निर्धारित की गई है, निर्देश मिलने के बाद जिले में संचालित 300 से अधिक परमिट बसों में सूची चश्मा करने के कार्रवाई की जा रही है।

**-एसएल लकड़ा,** परिवहन अधिकारी, दुर्ग

# फेसबुक में भगवान राम पर टिप्पणी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्ग शहर के तत्वाधान में आज कोतवाली थाना पहुंचकर शहर अध्यक्ष शहर मंत्री और शहर संयोजक के नेतृत्व में रितेश राय, प्रदीप कश्यप साहित्य अन्य ने थाना कोतवाली में ज्ञापन सोपा। पत्र में लिखा गया है कि एक युवक ने भगवान रामचंद्र और जगत जननी मां जानकी के ऊपर अश्लील टिप्पणी की गई है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इसकी कड़ी निंदा करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। इस दौरान बजरंग दल विभाग सह संयोजक राकेश रामलोचन तिवारी, मातृशक्ति विभाग सह संयोजिका रानी साहू, विश्व हिंदू परिषद ज़िला सह मंत्री विजय दूबे, बजरंग दल ज़िला संयोजक सौरभ देवांगन, मातृशक्ति ज़िला संयोजिका शशि बँछोर, ज़िला सह संयोजिका अंकिता तिवारी, ज़िला सेवा प्रमुख प्रीति तिवारी, विहिप नगर अध्यक्ष सुनील वैष्णव, नगर मंत्री नीरज राठौर, नगर संयोजक बलदाऊ साहू, नगर सह संयोजक मिलाप निषाद, नगर सह संयोजक राकेश राज, नगर गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा, मातृशक्ति भिलाई नगर संयोजिका अंजली पटनायक, मातृशक्ति कार्यकर्ता भारती बेन, राहुल सिन्हा, किशन साहू, मनीष सोनकर, कमलेश मालापुरे, रोहित तांडेकर, आयुष, अनिल पटेल, चिंटू शर्मा, शुभम खरोले ओमप्रकाश यादव के साथ अन्य उपस्थित रहे।

- बजरंग दल ने कोतवाली थाने में सौंपा ज्ञापन

# सहकारी बैंक के ऋण समिति की बैठक में स्वीकृत किए गए 6.78 करोड़ का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की अध्यक्षता में सहकारी केंद्रीय बैंक में ऋण उप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संचालक सदस्य सुश्री अंशु गोयल, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, अवधेश मिश्रा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग, उप संचालक कृषि एवं सचिव के रूप में श्रीकांत चन्द्राकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

- अकृषि ऋण के तहत 9 प्रकरणों में 59 .50 लाख स्वीकृत

बैठक में बैंक के कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा के अंतर्गत 311 सहकारी समिति से संबंधित कृषकों का फसल ऋण के साथ-साथ उद्यानिकी प्रकरणों में 40 कृषकों को 66.09 लाख रु ऋण स्वीकृत हुआ। गौपालन के 118 नवीन ऋण प्रकरणों में 225.67 लाख ऋण की स्वीकृति एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 158 प्रकरणों में 262.65 लाख ऋण की स्वीकृति दी गई। मत्स्य पालक कृषकों के 5 प्रकरणों में 6.75 लाख की ऋण स्वीकृति एवं नवीनीकरण के अंतर्गत 6 प्रकरणों में 9.83 लाख की स्वीकृति दी गई। किसान क्रेडिट कार्ड ऋण योजनांतर्गत बकरी पालन के लिए 4 नवीन प्रकरणों में 7.46 लाख एवं नवीनीकरण के तहत 4 प्रकरणों में 6.49 लाख की स्वीकृति दी गई। कुक्कुट पालन हेतु 01 नवीन प्रकरण में 3.00 लाख की स्वीकृति दी गई। मध्यकालीन नार्मल ऋण योजनांतर्गत तारफेंसिंग एवं स्प्रींकलर सेट हेतु 01 प्रकरण में 1.41 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

अकृषि ऋण के तहत मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण हेतु 09 प्रकरणों में 59.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई इसी प्रकार स्वयं सहायता समूहों को 07 प्रकरणों में 9.00 लाख की ऋण स्वीकृत किया गया। स्वीकृति प्रदान की गई। राष्ट्रीय आजीवका मिशन के तहत 5 प्रकरणों में 9.50 लाख की कृषकों हेतु संचालित गोल्डन क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 2 प्रकरणों में 10.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई। संस्थागत बैंक कर्मचारियों हेतु दोपहिया ऋण योजनांतर्गत 1 कर्मचारी को 0.79 लाख की पुष्टि किया गया। इस प्रकार ऋण उप समिति की बैठक में कुल 361 प्रकरणों में 6.78 करोड़ की ऋण स्वीकृति एवं पुष्टि किया गया।

# रामलीला के साथ अहंकारी रावण का दहन, दुर्गानवमी पर भंडारा का भी आयोजन, माता की निकली विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति गया नगर द्वारानवरात्रि के 9दिन मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर नित्य पूजन आरती किया गया तथा दसवें दिन विजयदशमी पर्व पर रामलीला के मंचन के साथ दशानन रावण का दहन किया गया। इसके एक दिन पूर्व दुर्गा नवमी पर भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया तथा रविवार को माता रानी की विसर्जन यात्रा भव्य झांकी व बाना धारण किए भक्तों के साथ निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में कलाकारों द्वारा दुर्गा काली शिव हनुमान जैसे पात्रों का वेशभूषा धर नृत्य करते हुए चल रहे थे। वहीं बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने गालों को छिद्र कर बाना धारण किए चल रहे थे। विसर्जन यात्रा गया नगर से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए चंडी मंदिर चौक से वापस कोष्टा तालाब पहुंचकर दुर्गा प्रतिमा को विसर्जित किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए। इससे पूर्व दुर्गा नवमी में आयोजित भंडारे में भी सैकड़ों लोगो ने महाप्रसादी ग्रहण किया गया। दशहरा उत्सव के तहत आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में पूर्व सभापति दिनेश देवांगन प्रमुख अतिथि थे। अध्यक्षता पार्षद श्रीमती लीना देवांगन ने किया। जिन्होंने सर्व प्रथम रामलीला में राम लक्ष्मण हनुमान अंगद तथा रावण कुंभकरण मेघनाथ की भूमिका निभा रहे पात्रों का आरती व पूजन कर कार्यक्रम की शुरवात की। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम स्थल पर रावण दहन हेतु 50 फीट ऊंची लंकेश्वर का पुतला स्थापित किया गया था। जिसमें वार्ड के नाटक कलाकारों ने रामायण पर आधारित चौपाई व दोहों के माध्यम से अपनी भूमिका निभाई। तत्पश्चात उपस्थित नागरिकों के बीच रावण के पुतले को श्रीरामचंद्र द्वारा छोड़े तीर के माध्यम से जलाकर अहंकार रूपी रावण के पुतले को जलाकर राम नाम का जयघोष किया गया।

- गयानगर में रामलीला के साथ किया रावण दहन



इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए निगम के पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने कहा की प्रभु श्रीराम हमारे आदर्श है और अहंकारी रावण हमारी अहम का प्रतिबिंब है हजारों वर्ष पहले हुए रामायण की इस घटना का सार मनुष्य को उनके जीवन का नैतिक व आध्यामिक मार्ग का बोध कराना है। दशहरा उत्सव में भाग लेने वालो में समिति के रोहित जंघेल, चंद्रशेखर सैलाब, रामसजीवन शर्मा, उत्तम साहू, जीतू चंद्राकर सनकी राजपूत, सोनू राजपूत, केदार ठाकुर, सन्नी शर्मा, सूरज तिवारी भरत ठाकुर, लक्ष्मी साहू, महेश साहू, रमेश मिश्रा, दउवा राजपूत, धनराज सोनी, दुर्गेश यदु, चंद्रेश साहू, राजा शर्मा, लोकेश साहू, गजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी, व्हॉलीबाल, बास्केटबॉल आदि का होगा आयोजन

# 16 से ग्रामीण महिलाएं दिखाएंगी खेलों में दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 16 अक्टूबर से जिला प्रशासन द्वारा जिले के तीनों ब्लॉक में महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गांव स्तर पर होने वाले इसके लिए आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मापदंड भी तैयार किए गए हैं। खास बात यह है कि यह खेल आयोजन सिर्फ महिलाओं के लिए होगा जहां महिलाएं बास्केटबॉल, फुटबॉल सहित कुश्ती के जरिया अखाड़े में दम कम दिखाएंगे।

- ब्लॉकस्तरीय महिला खेल का हो रहा आयोजन

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार खेल एंव युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक से मिली जानकारी अनुसार दुर्ग, पाटन एवं धमधा में होने वाले विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता के अन्तर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर एवं 400 मीटर दौड, गोला एवं तवा फेक), खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल), कुश्ती (50 किलो एवं 53 किलो), वेटलिफ्टिंग (40 किलो एवं 45 किलो), रस्साकशी, व्हॉलीबाल, बास्केटबॉल एवं फुटबॉल खेल की स्पर्धाये होंगी। महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयुवर्ग में महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता 09-18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर 35 वर्ष तक होगी। प्रतियोगी पंजीयन के लिए अपना आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र लेकर प्रतियोगिता स्थल में पहुंचेंगे। 18 से 35 आयुवर्ग के लिए वर्ष 01 जनवरी 1989 से 01 जनवरी 2006 तक एवं 09-18 आयुवर्ग के लिए वर्ष 01 जनवरी 2007 से 01 जनवरी 2015 तक के प्रतियोगी भाग लेंगे। विकासखण्ड स्तर पर उपरोक्त खेलों के आयोजन में दोनों आयुवर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी, दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतिभागी अपनी विकासखण्ड स्तर पर ही खेल में भाग लेंगे एवं एक खिलाड़ी एक ही खेल में भाग लेंगे। प्रतिभागियों को निर्धारित समय से पहले पहुंचकर अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लेकर निर्धारित प्रपत्र को भर कर संबंधित विकासखण्ड आयोजन प्रभारी के पास जमा करने कहा गया है।



### तीनों ब्लॉक के लिए प्रभारी की नियुक्ति

विकासखण्ड पाटन अंतर्गत सेजस सेलूद में खेल का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए श्री पोखन लाल साहू को स्पर्धा प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड दुर्ग अंतर्गत शास.उ.मा. पुरई हेतु श्री अशोक रिगरी एवं विकासखण्ड धमधा अंतर्गत कॉलेज मैदान सिरना भाठा धमधा हेतु श्री कौशलेन्द्र पटेल को स्पर्धा प्रभारी नियुक्त किया गया है। तीनों विकासखण्डों में 16 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे खेल का आयोजन होगा।

### यहां मिलेगी आयोजन की पूरी जानकारी

इसके पश्चात 18 अक्टूबर 2024 को प्रातः 8 बजे सेजस सेलूद में जिला स्तरीय खेल का आयोजन होगा। जिसके लिए पोखन लाल साहू को स्पर्धा प्रभारी नियुक्त किया गया है। अफसर ने बताया कि, अधिक जानकारी के लिए प्रतिभागी, दल अपने विकासखण्ड नोडल अधिकारी एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रविशंकर स्टेडियम दुर्ग स्थित कार्यालय में संपर्क कर सकते है। इस आयोजन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। अफसर ने बताया कि ब्लॉक स्तर से प्रथम आने वाली प्रतिभागियों को जिला स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा

# राज्यस्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर 18 से 22 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर 2024 का आयोजन 18 से 22 अक्टूबर तक भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग शहर में किया जाएगा। शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम 18 अक्टूबर एवं समापन कार्यक्रम 22 अक्टूबर को परेड मैदान प्रथम वाहिनी दुर्ग में किया जाएगा। इंडियन रेडक्रास सोसायटी दुर्ग के अध्यक्ष एवं कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने उक्त आयोजन के सफलतापूर्वक संपादक के लिए समिति गठन कर नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा सहायकों की नियुक्ति की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उद्घाटन कार्यक्रम एवं समापन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बजरंग दुबे आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई एवं सहायक नोडल अधिकारी दशरथ सिंह आयुक्त पालिक निगम भिलाई-चरोदा होंगे। पंजीयन, आवास, अतिथि सत्कार, कंट्रोल रूम, खोया पाया केन्द्र, स्वागत के नोडल अधिकारी हितेश पिस्दा डिप्टी कलेक्टर अनुविभागीय दण्डाधिकारी भिलाई छावनी और सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र पाण्डेय जिला परियोजना समन्वयक होंगे। कार्यालय प्रमाण पत्र वितरण, पुरस्कार, किट वितरण, प्रतीक चिन्ह, स्टोर, लेखन के लिए नोडल अधिकारी उत्तम कुमार ध्रुव डिप्टी कलेक्टर दुर्ग और सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती सीमा नायक सहायक संचालक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग होंगे।

- कलेक्टर ने किया समिति का गठन

## खबर संक्षेप

### बह्म्णी में कबड्डी प्रतियोगिता 19 को

**निकुम।** जय शीतला स्पोर्ट क्लब व समस्त ग्रामवासी बह्म्णी के तत्वावधान में 19 अक्टूबर शनिवार शाम 6 बजे शाम से कबड्डी प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रथम पुरुस्कार 5001 रुपये क्रमशः द्वितीय 3001, तृतीय 2001 व चतुर्थ पुरुस्कार 1001 रुपये व वीनर ट्राफी व आकर्षक पुरुस्कार विजेता टीमों को दिया जायेगा। वहीं इस आयोजन में मुख्यअतिथि क्षेत्रीय विधायक कुंवरसिंह निशाद होंगे, वहीं अध्यक्षता ग्रामपंचायत चीरचार सरपंच चुकेश्वर साहू व विशिष्ठ अतिथि ग्राम प्रमुख रामसाय होंगे। यह जानकारी समिति अध्यक्ष विक्रम यादव व मुकेश पटेल ने दी।

### सुबह का प्रहरी के प्रधान संपादक नहीं रहे

**दुर्ग।** बोरसी वार्ड क्रमांक 52 गैलेक्सी हाइट्स के पास शीतला नगर निवासी एवं दैनिक समाचार पत्र सुबह का प्रहरी के संपादक



रविन्द्र तिवारी 58 वर्ष का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनकी अंतिम यात्रा सुबह 11.30 बजे निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम निकाली गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बेटी रिया ने दी। वे प्रिया, रिया, कोमल, आकांक्षा व टिया तिवारी के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर रायपुर प्रेस क्लब ने शोक व्यक्त किया है।

### प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष बने कबीर



**भिलाई।** कर्मा उद्यान संरक्षण समिति एवं क्षेत्रीय साहू मित्र सभा सेक्टर 3 व 4 के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ द्वारा दुर्ग संभाग से युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष कबीर साहू को बनाए जाने पर सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीखम साहू, अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिद्वारिका साहू, अति विशिष्ट अतिथि, रमेश साहू, मुख्य सलाहकार, खिलावन साहू, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश संघ, विशिष्ट अतिथि, श्रद्धा पुरेंद्र साहू स्टील बर्तन बैंक, खेद राम साहू, अध्यक्ष साहू मित्र सभा, ललित साव, उपाध्यक्ष रिसाली तहसील साहू संघ, कार्यक्रम का आयोजन युवा सम्मान कार्यक्रम था। समाज में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी नितांत आवश्यक है, दिन प्रतिदिन समाज के प्रति लोगों की रुचि कम होते जा रही हैं, समाज कर्मठ कार्यकर्ताओं की प्रतिभा को पहचाने और पहचान कर उसे जरूर सम्मान दे , हम सबको मिलकर कबीर साहू को जिम्मेदारी मिली है,उनको अधिक से अधिक उनको मजबूत करना है।

### चलाया नशामुक्त भारत अभियान

**अंडा।** नशा मुक्त भारत अभियान व मद्यपान एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थ तथा नशीली दवाओं के रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोड़िया में मद्य निषेध सप्ताह के तहत रैली ,मानव श्रृंखला, नशा पान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ, व्याख्यान, चित्रकला ,गीत, नशा मुक्ति स्लोगन, इलेक्ट्रॉनिक प्रसारण तथा सोशल मीडिया माध्यम से प्रचार प्रसार किया गया।

## निधन

### पुष्पा हिरवानी

**उतई।** नगर के बंजारी पारा उतई



वार्ड 8 निवासी पुष्पा हिरवानी उम्र 51 वर्ष का हृदयघात से निधन 12 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नगर पंचायत उतई में लाइन मेन कर्मचारी जनक साहू की पत्नी व गगन, नरेंद्र की मां थीं।

### अहंकार रूपी रावण का किया वध, शेषनाग की फ़नकार ने दर्शकों का मोहा मन

# हिंसा, लालच को समाप्त कर समाज को सही दिशा में ले जाना ही श्रीराम का मार्गः भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी

कुम्हारी के महामाया मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय दशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र के द्वारा अहंकारी रावण का वध कर लंका पर विजय पाने एवं असत्य पर सत्य की विजय व बुराई और अन्याय के समाप्ति के प्रतीक के रूप में यह पर्व मनाया जाता है। रावण बहुत शक्तिशाली और विद्वान था उसके पास सोने की लंका थी इसके बाबजूद आज रावण का दहन किया जाता है अर्थात लोग कितने भी बुद्धिमान या बलवान क्यों न हो अहंकार करने पर समाज में उन्हें कभी सम्मान नही मिलता। श्रीराम भगवान का मार्ग, लोगों को हिंसा, लोभ, लालच को समाप्त कर सही दिशा की ओर ले जाता है जिस पर हम सभी को चलना चाहिए । शनिवार को दशहरा उत्सव कार्यक्रम में सपरिवार पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने लोगों को विजयादसमी की बधाई देते हुए नगर के विकास कार्यों की बात कही। बता दें कि विजय दशमी पर्व के अवसर पर मां महामाया मंदिर परिसर में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के द्वारा रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल परिवार सहित शामिल हुए असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजय दशमी के पावन अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश व नगरवासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, दशहरा उत्सव समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में दशहरा कार्यक्रम देखने लोग उपस्थित थे।

नगर के प्रतिष्ठित रामलीला मंडली कुम्हारी बस्ती द्वारा रामलीला का मंचन किया गया जिसमें मर्यादा पुरूषोत्तम श्री रामचंद्र द्वारा रावण वध का अत्यंत ही प्रभावशाली दृश्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपनी वेशभूषा और संवादों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में रंग बिरंगे फटाखे ,फुलझड़ियों व आसमानी रॉकेटों से आसमान में बहुरंगी अतिशबाजी किया गया यहीं नही शेष नाग की फ़नकार वाली अतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोह लिया।

महामाया मंदिर प्रांगण में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति के पदाधिकारी सदस्य व जनप्रनिधि उपस्थित रहे जिनमें पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, पार्षद मनहरण यादव, थनेश पटेल, प्रमोद सिंह राजपूत, महेश सोनकर आयोजन समिति के अध्यक्ष नोबल सिन्हा, विष्णु देवांगन, उपाध्यक्ष सालिक राम धीवर, ओम यादव, कोषाध्यक्ष लेखराम साहू, अमर यादव, सचिव किशोर सोनकर, धनेश्वर खैरवार, सहसचिव सुशील साहू एवं अंचल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण उपस्थित थे।

**आंध्र प्रदेश के कलाकारों के किया आतिशबाजी का प्रदर्शन**



### ज्योत जवांरा विसर्जन यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**कुम्हारी।** नगर में शनिवार को ज्योत जवांरा विसर्जन का उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक माता रानी के आस्था व विश्वास के प्रतीक ज्योत जवांरा की विसर्जन यात्रा बाजे गाजे के साथ स्थानीय शीतला तालाब के लिए निकाली गई। सेवा जसगीत पर माता के भक्त झूमते नाचते आगे बढ़ रहे थे। नगर के अनेक स्थलों से ज्योत जवारा विसर्जन के लिए भक्त शीतला तालाब पहुंचे जिसके चलते माता के भक्तों की भारी भीड़ शीतला तालाब पर देखने को मिला। रैली में शामिल भक्तों की आस्था ऐसी दिखी कि देवी मां को खुश करने के लिए अपने जीभ में तो कुछ भक्त अपने गाल में लोहे का त्रिशूल आर पार कर झूमते-नाचते मंदिर पहुंचे। भक्त नम आंखों से माता रानी के आस्था के प्रतीक ज्योत जवांरा को अंतिम विदाई दिए।



## प्राध्यापक व स्टूडेंट टाइम मेंटेन करें तो कॉलेज का रिजल्ट बेहतर आएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कॉलेज जामगांव आर जनभागीदारी समिति की प्रथम बैठक नव नियुक्त अध्यक्ष नरेश केला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यकारिणी सदस्य जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, मंडल महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, महिला मंडल अध्यक्ष शैलेंद्री मंडावी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, वन मंडल जिला सदस्य पूर्णेंद सिन्हा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष खेमलाल देशलहरे, बोरवाय पूर्व सरपंच लालजी डहरे, भरर सरपंच गरिमा भारदीय बेलहारी, उपसरपंच मनीष चंद्राकर, सुरपा नवयुवा संगठन अध्यक्ष नरेंद्र धर्मगुड़ी, जैन श्री संघ सदस्य प्रेमचंद चौरडिया, साहू समाज अध्यक्ष संतोष साहू, उमाशंकर शुक्ला, रूपेंद्र साहू आदि उपस्थित थे। सेजस जामगांव आर प्राचार्य राजेश पिल्लई विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रभारी प्राचार्य नीता कुंभारे ने अध्यक्ष का स्वागत किए। प्राध्यापक चेतना सोनी ने संचालन किए, वहीं प्राध्यापक तिवारी, खान, पांडे आदि ने अपनी बाते रखे अतिथियों का सम्मान किए। स्मार्ट बोर्ड क्लास रूम निर्माण, सांस्कृतिक मंच का चौड़ीकरण एवं शेड निर्माण, ध्वनि विस्तारक यंत्र, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, भूगोल अध्यापन सायकल स्टेंड कर्मचारी वाटर कूलर प्रसाधन प्रयोगशाला एसी आदि संबंधित विचार विमर्श हुए। अध्यक्ष एवं समिति सदस्यों ने प्रत्येक विषयों पर गहनता से विचार कर सकारात्मक परिणाम मूलक चर्चा किए। बैठक में जनभागीदारी समिति से नियुक्त सफाई कर्मियों और कंप्यूटर ऑपरेटर के मानदेय में वृद्धि भी की गई।

■ शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कॉलेज जामगांव आर जनभागीदारी समिति की हुई बैठक

**स्टाफ व बच्चों के आगमन-निर्गमन पर पैनी नजर रखे**

सदस्यों ने कॉलेज की अच्छी रिजल्ट के लिए निर्धारित समय पर प्रोफेसर और बच्चों के आगमन-निर्गमन की सुव्यवस्था पर पैनी नजर रखने की जिम्मेदारी प्रभारी प्राचार्य नीता कुंभारे को सजगता पूर्वक निर्वहन का आग्रह किए। सदस्य कमलेश साहू ने कहा कि सदस्यों ने बारी-बारी से कॉलेज आना जाना करते हुए हाल चाल जानते रहे और आगामी मीटिंग में अपनी आंखों देखे हाल बयां करे।

## सतनामी समाज की बैठक सेलूद में आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

पाटन तहसील सतनामी समाज अंतर्गत परिक्षेत्रीय सतनामी समाज की बैठक सतनाम भवन सेलूद में हुई। इसमें परिक्षेत्र के 21 गांवों के समाजिक लोगों ने समाजिक संगठन के साथ समाज को मुख्यधारा में लाने के लिए समाजिक संगठन हमारी समाज की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उपरोक्त बाते दूसरी बार परिक्षेत्रीय सतनामी समाज सेलूद के अध्यक्ष बनने के बाद दिलीप कुर्रे ने कहा ग्राम देउरझाल निवासी दिलीप कुर्रे को सर्वसहमति से दूसरी बार परिक्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। सेलूद परिक्षेत्रीय सतनामी समाज में युवा अध्यक्ष गौरव कौशल पतोरा, महिला अध्यक्ष किरण सोनवानी सेलूद को जिम्मेदारी दी गई है।

इसी प्रकार उपाध्यक्ष रामनाथ गायकवाड गोडपेंड्री, कोषाध्यक्ष चेतन जोशी सेलूद, सचिव गणेश देशलहरे मुड़पार, महासचिव पुनीत कुर्रे सेलूद बनाए गए हैं। संगठन सचिव अरुण बाल किशोर मुड़पार, संरक्षक गण सेवालाल आनंद, सेलूद, राजाराम बांधे पतोरा, बुधेलाल बंधे पतोरा, जवाहर लाल बघेल, सांतरा, महिला सचिव लक्ष्मी गायकवाड, महिला संगठन सचिव चंद्रावती कुर्रे देउरझाल, महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गायकवाड की नियुक्ति हुआ है।

■ दिलीप दोबारा बने सतनामी समाज के अध्यक्ष

## महाप्रसादी भंडारा का किया आयोजन

**पाटन।** पाटन नगर में विराजमान माता रानी के नवदिन नव रात्रि का समापन हुआ जिसमें नगर के प्रसिद्ध नागरिक सरजू साहू के द्वारा और वार्ड के पार्षद अर्पिता अभाष दुबे और सार्वजनिक दुर्गाउत्सव समिति के द्वारा नवरात्र के अष्टम दिन दुर्गाअष्टमी के दिन सदस्यों के द्वारा दुर्गा माता की हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात नवकन्या भोजन बालिकाओं को कराया गया। महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण किया। महाप्रसादी भंडारा में अनेक भक्तजन एवं श्रद्धालुगण शामिल हुए थे पाटन नगर एवं आने जाने वाले यात्रीगणों ने प्रसाद का ग्रहण किया। वहीं नवहिंद दुर्गाउत्सव समिति के द्वारा महाप्रशादी भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुणाल शर्मा, रोहित देवांगन, नारायण पटेल, जीतू भारती, हेमंत चक्रधारी, राज देवांगन, मिलन देवांगन, होरी देवांगन, अभिषेक साहू आदि उपस्थित थे।



## हरियाणा में बीजेपी को मिली जीत का भाजपा उतई मंडल ने मनाया जश्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

भाजपा की जीत का जश्न उतई मंडल में धूमधाम से मनाया गया। उतई नगर पंचायत के बाज़ार चौक पर भाजपाइयों ने आतिशबाजी की और मिठाइयां बांटी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा है। पार्टी की जीत से उत्साहित कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए उतई चौक पर एकत्रित हुए और आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि हरियाणा की जीत से पता चलता है कि भाजपा के प्रति जनता का विश्वास बढ़ रहा है। सुबह से ही कार्यकर्ता चुनाव परिणामों पर नजर रखे हुए थे और जैसे-जैसे भाजपा को बढ़त मिलने लगी। कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ने लगा और पार्टी के जीत से उनके चेहरे खिल उठे और जमकर जीत की खुशी मनाई। इस मौके पर मंडल महामंत्री सोनू राजपूत, जिला मंत्री रोहित साहू, भाजयुमों अध्यक्ष प्रवीण यदु, लक्ष्मीनारायण साहू, हुबलाल चंद्राकर, फलेंद्र सिंह राजपूत, करण सेन, शुभम वर्मा, भूपेंद्र साहू, योगेश साहू, घनश्याम चंद्राकर, रूपेश पारख, डिपेश साहू,लता सोनवानी, रूपनारायण शर्मा, दिनेश साहू आदि मौजूद थे।

■ जमकर हुई आतिशबाजी, बांटी गई मिठाइयां

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

– :: नोटिस / विज्ञप्ति ::–

रा.प्र.क्र. 202402074700060/अ-6/2023-24
पक्षकार :- विजय लक्ष्मी पति स्व. संतोष पाण्डेय .............आवेदक

बनाम

शकुंतला पिता हीरामन वगैरह –अनावेदिकागण

एतद् द्वारा अनावेदकगण 1. शकुंतला पिता स्व. हीरामन निवासी देवेन्द्र नगर नेहरू नगर बिजली आफिस के पास बिलासपुर छ.ग.2. राजकुमारी मिश्रा पिता स्व. हीरामन निवासी सतबहिनिया मंदिर जयसवाल किराना दुकान गीता गली बिलासपुर छ.ग. 3. किरण पिता स्व. हीरामन निवासी कुम्हारी शंकर नगर जिला दुर्ग छ.ग. 4. मनीषा पिता स्व. हीरामन निवासी मुंगेली नाका चौक 36 माल के पास रवि शुक्ला स्टेट बैंक से पहले बिलासपुर छ.ग. 5. मौसमी पिता स्व. हीरामन निवासी अंजली विहार साइंस कालेज रोड बिलासपुर छ.ग. 6. मोनू वली मां शकुंतला निवासी देवेन्द्र नगर नेहरू नगर बिजली आफिस के पास बिलासपुर छ.ग. 7. रिकू वली मां शकुंतला निवासी देवेन्द्र नगर नेहरू नगर बिजली आफिस के पास बिलासपुर छ.ग 8. अमिता पिता स्व.गया प्रसाद वली मां शकुंतला निवासी देवेन्द्र नगर नेहरू नगर बिजली आफिस के पास बिलासपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विजय लक्ष्मी पति स्व. संतोष पाण्डेय के द्वारा मोहल्ला गोड़पारा शीट नं. 31 प्लाट नं. 60/5, 60/3 क्षेत्रफल 1803 व.फु. भूमि मे से रकबा 601 व.फु. को पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06.09.2019 के माध्यम से प्राप्त कर नामांतरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 24/10/2024 को न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 08/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

## धमना व गब्दी में सांसद विजय ने किया कलामंच लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|जामगांव आर



सांसद विजय बघेल ने धमना और गब्दी में किए कलामंच का लोकार्पण चूलगहन एवम अरमरी खुर्द पहुंचकर सांसद ने माता का दर्शन करते हुए नवरात्रि के अवसर पर कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से भेंटकर कुशलक्षेम जाना। गब्दी में बूथ अध्यक्ष चंद्रशेखर कुंजाम, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद बघेल सहित ग्रामीणों ने सांसद का स्वागत किए। चुलगहन में मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल जैन की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। अरमरी खुर्द में मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू किसान मोर्चा अध्यक्ष कमलेश साहू के अगुवाई में हुआ स्वागत। धमना में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारद साहू, पूर्व सरपंच अंकालु साहू के अगुवाई में सांसद विजय बघेल का स्वागत किया गया।

वहीं ग्राम धमना में सांसद निधि से निर्मित सांस्कृतिक कला मंच लोकार्पण सांसद विजय बघेल द्वारा किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, विशिष्ट अतिथि नारद साहू, अध्यक्ष भाजपा यूवा मोर्चा दक्षिण पाटन, खेमलाल देशलहरे पूर्व उपाध्यक्ष दक्षिण पाटन, कमलेश साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा दक्षिण पाटन, अंकालू साहू बुथ अध्यक्ष, ऊषा महलवार सरपंच, लोकेश महलावर, जोगीराम साहू, सत्येंद्र सोनी, रवि, बीरेंद्र सोनवानी आदि उपस्थित थे।




## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज स्वामी आत्मानंद की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन आंचल में साहित्यिक योगदान के लिए हिंदी साहित्य समिति पाटन के अध्यक्ष हेमंत देवांगन एवं सचिव भास्कर सावर्णी सम्मानित हुए। यह सम्मान उन्हें स्वामी आत्मानंद सभागार में स्वामी आत्मानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदान किया गया। पाटन राज मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के बैनर में संपन्न हुए उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल थे। हेमंत देवांगन को उनकी किताब हेमंत की बयार एवं परमेश्वरी कृपा पर और भास्कर सवर्णी को हिंदी साहित्य समिति पाटन के सचिव पद की आसंदी से सतत योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य प्रधान युगल किशोर आडिल ने की विशिष्ट अतिथि सर्वश्री सीताराम वर्मा, भूपेंद्र कश्यप और अजय वर्मा कृषि महाविद्यालय प्रमुख की आसंदी थी। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज परंपरागत रूप से स्वामी आत्मानंद की जयंती और पुण्यतिथि मनाता रहा है। यह प्रथम अवसर है कि समाज ने साहित्य खेलकूद पर्यावरण योग पत्रकारिता इत्यादि की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया। खेलकूद के क्षेत्र में डॉक्टर दिनेश नामदेव स्पोर्ट्स ऑफिसर पर्यावरण के क्षेत्र में राधेश्याम लहरी एवं सुंदरलाल वर्मा योग के क्षेत्र में लालाराम वर्मा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में रोम शंकर यादव सम्मानित हुए। मुख्य अतिथि ने स्वामी आत्मानंद के व्यक्तित्व पर केंद्रित टिप्पणी में कहा की स्वामी ने माधव सेवा के बजाए मानव सेवा का मार्ग चुना और इसी का परिणाम है कि वर्ष चौसठ से 74 के बीच दो घोर अकाल में उन्होंने मंदिर के लिए एकत्र लाखों की राशि को मानव कल्याण एवं जन कल्याण के लिए अर्पित कर दिया। पाटन नये प्रयोग की भूमि रही है और यहां छत्तीसगढ़ में सबसे पहले आत्मानंद चौक बना फिर आत्मानंद अस्पताल बना पाटन की पृष्ठभूमि से ही संबल लेकर पूरे राज्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना हुई। क्योंकि स्वामी जी महान शिक्षा विद थे। उनके द्वारा रचित पुस्तकों का प्रसार एवं उनके व्याख्यान मालाओं की सीडी का प्रसार पूरे छत्तीसगढ़ में होना चाहिए।




■ समाज ने खेलकूद, योग, पत्रकारिता व अन्य प्रतिभाओं को किया सम्मानित



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# मार्केट में बढ़ेगी रौनक, बीएसपी कर्मियों को तैंतीस करोड़ बोनस

## सेल कर्मचारियों के खाते में प्रबंधन ने डाले 119 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शहर के बाजारों में जल्द ही बोनस की चमक दिखाई देगी। यूनियनों के विरोध के बीच सेल प्रबंधन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों की बोनस राशि खातों में डाल दी है। कर्मियों को कुल तैंतीस करोड़ से अधिक बोनस की राशि मिली है। अधिक बोनस की उम्मीद कर रहे कर्मियों अब खातों में रुपए आ जाने से अल्प बोनस में संतोष करना पड़ रहा है। पिछले हफ्ते सेल प्रबंधन ने दिल्ली में हुई बैठक के बाद यूनियनों को 26 हजार 500 रुपए का प्रस्ताव दिया था। इसे ठुकरा देने के बाद प्रबंधन ने बर्नपुर इस्पात संयंत्र के लिए सर्कलर जारी कर कर्मियों के खाते में बोनस फार्मूला के अनुरुप 26 हजार 500 रुपए डाल दिए थे। इसके बाद भिलाई इस्पात संयंत्र व सेल के अन्य संयंत्रों में भी आदेश जारी कर इतनी राशि बैंक खातों में डाली कई। बीएसपी में 12,500 कर्मचारी हैं। इस हिसाब से करीबन 33 करोड़ 12 लाख रुपए बोनस बंटा है। वहीं पूरे सेल मे कार्यरत 45 हजार कर्मचारियों को 119 करोड़ 25 लाख बोनस मिला है। बीएसपी कर्मियों को उम्मीद थी कि 40 हजार नहीं तो कम से कम इसके आसपास बोनस मिलेगा। लेकिन अब जबकि उनके खाते में बतौर बोनस 26 हजार 5 सौ रुपए राशि डाल दी गई है तो उन्हों बेमन से ही सही त्योहार सामने देख खर्च करना भी शुरु कर दिया है।



### चमकेगा बाजार

भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मचारियों को करोड़ों रुपए का बोनस बंटने से बाजार में रौनक बढ़ेगी। दुर्गापूजा के बाद अब सामने दिवाली का त्योहार देखते हुए कुछ कर्मियों ने इसका उपयोग शुरु कर दिया है। वहीं अधिकांश कर्मियों को अभी दिवाली का इंतजार है। दिवाली 31 अक्टूबर हो को है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय यूनियनों के बोनस फार्मूला को परिवर्तित करने की पुरजार मांग को देखते हुए कर्मियों का एक बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जिसे आशा है कि सेल स्तरीय हड़ताल टालने के लिए उच्च प्रबंधन बोनस राशि को बढ़ा सकता है । इसे देखते हुए हजारों कर्मियों ने खातों से राशि नहीं निकाली है।

## खबर संक्षेप

### डां. विनय शर्मा बने कल्याण कालेज के प्राचार्य

**भिलाई।** कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई के प्रचार्य डां. विनय शर्मा बनाए गए हैं। इस कालेज के प्राचार्य डां. आरपी अग्रवाल के रिटायर होने के बाद उन्हें प्राचार्य के पद पर पदस्थ किया गया है। डां. शर्मा अर्थ शास्त्र विषय के प्राध्यापक हैं। उन्होंने 1992 में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से बिलासपुर जिला में जांजगीर और सक्ति विकासखंड में ग्रामीण विकास की नवीन प्रवृत्तियां विषय पर शोध किया। वे राष्ट्रीय सेवा योजना में1995 से 2024 तक कार्यक्रम अधिकारी और जिला संगठत दुर्ग के रुप में कार्य किया। राज्य और विश्वविद्यालय स्तरीय सर्वश्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रुप में पुरस्कृत किया जा चुका है। दस दिसंबर 2011 को ग्राम घुघसीडीह में सुलह केंद्र की स्थापना उनकी विशेष उपलब्धी रही। डां. शर्मा के प्राचार्य पदस्थ होने पर छत्तीसगढ़ कल्याणस समिति के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।



### सूने मकान का ताला टूटा, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर सामान पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने धारा 305,331(4)बीएनएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 18 आजाद चौक के पास शिवपुरी निवासी सरिता साहू घर में दुकान खोलकर प्लास्टिक का सामान बेचा करती है। 6 अक्टूबर की अपनी बहन सविता साहू के साथ डोंगरगढ़ देवी दर्शन करने चली गई थी। उसकी बेटी अपने नाना के घर शंकर नगर छावनी चली गई। 8 अक्टूबर की सुबह बस्ती के लोगों ने फोन कर बताया कि उनके मकान का ताला टूटा पड़ा है। घर पहुचने पर देखा गया कि आलमारी का लॉकर में रखा गया सोना चांदी का जेवरात गायब मिला। जिसमें नगदी 10 हजार भी चोरी हो गया था।

## सेलव्यापी आंदोलन के तहत संयुक्त यूनियन मुर्गा चौक पर जताएगी विरोध

# अधूरा वेतन समझौता को लेकर यूनियनों की बढ़ी एकजुटता, आज सुबह देंगे धरना

## आरआईएनएल के निजीकरण पर रोक व ठेका श्रमिकों के पे रिवीजन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सेल में बोनस फार्मूला परिवर्तित करने और अधूरे वेतन समझौता को जल्द पूर्ण करने सहित कई लंबित मांगों को लेकर यूनियनों की एकजुटता बढ़ रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की सभी यूनिटों में हड़ताल को सफल बनाने कर्मचारियों को भी गोलबंद किया जा रहा है। हड़ताल के पूर्व सोमवार को धरना दिया जाएगा। सेलव्यापी धरने के तहत भिलाई में संयुक्त यूनियन द्वारा मुर्गा चौक पर सुबह धरना दिया जाएगा। इस बीच आंदोलन को लेकर यूनियन और प्रबंधन दोनों ही अपने स्टैंड पर कायम हैं।

उल्लेखनीय है कि दो साल पूर्व सेल में हुए आधे अधूरे वेतन समझौता से बीएसपी सहित पूरे सेल कर्मचारियों में असंतोष है। केंद्रीय यूनियनों द्वारा कई बार सेल प्रबंधन, इस्पात मंत्री और लोकल प्रबंधन को ज्ञापन व गेट मीटिंग आदि कर वेतन समझौता की विसंगितयों को दूर करने और 39 महीने के लंबित एरियर्स का भुगतान किए जाने की मांग की जा रही है। इस दौरान 1 अक्टूबर को दिल्ली में हुई एनजेसीएस बैठक में सेल प्रबंधन द्वारा बोनस फार्मूला का हवाला देते हुए यूनियनों की 40, 500 बोनस की मांग को खारिज करते हुए 26,500 रुपए बोनस सीधे कर्मियों के खाते में डालने जाने के एकतरफा कदम से एनजेसीएस यूनियनों की नाराजगी बढ़ गई । इसके बाद 2 अक्टूबर को दिल्ली में एनजेसीएस यूनियनों की हुई बैठक में प्रबंधन के इस निर्णय के विरुद्ध पुराने बोनस फार्मूला को परिवर्तित करने के साथ अधूरे वेतन समझौता को पूर्ण कर जल्द 39 महीने के लंबित एरियर्स के भुगतान सहित अन्य लंबित मांगों के निदान की मांग को लेकर तीन चरणों में आंदोलन का निर्णय लिया गया। इसके तहत 5 अक्टूबर को सेल की सभी यूनिटों में प्रदर्शन किया गया। भिलाई में संयुक्त यूनियन द्वारा मुर्गा चौक में प्रदर्शन किया गया। दूसरे फेस में कल सोमवार को सभी यूनिटों में धरना दिया जाएगा। इसके बाद 28 अक्टूबर को सीधे पूरे सेल में हड़ताल की जाएगी। इस बीच मांगों और हड़ताल के निर्णय लेकर यूनियनें व सेल प्रबंधन दोनों ही अपने बात पर अड़े हुए हैं। प्रबंधन ने अब तक यूनियनों से कोई सुलह चर्चा नहीं की है।



### यूनियन कर्मचारियों से करेगी हड़ताल की अपील

सोमवार को सेलव्यापी आंदोलन के तहत दूसरे चरण में कल सोमवार को संयुक्त यूनियन द्वारा सेक्टर 1 मुर्गा चौक पर धरना दिया जाएगा। यूनियनों के मुताबिक धरना सुबह दिया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। धरने के बाद भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर सीधे हड़ताल की जाएगी। इसके लिए बीएसपी के आईआर विभाग को शुक्रवार नोटिस दे दिया गया है। यूनियनों ने पांच अक्टूबर को प्रदर्शन की तरह धरने में शामिल होने की अपील कर्मियों से की है।

### लंबित एरियर्स दें व बोनस फार्मूला बदलें

संयुक्त यूनियन के तहत इंटक, सीटू, एटक, एचएमएस और बीएमएस व कुछ लोकल यूनियनें धरने में शामिल रहेंगी। संयुक्त यूनियन के मुताबिक अधूरे वेतन समझौता की विसंगतियों को दूर करने, 39 महीने के एरियर्स, एचआरए पर्क्स, 8 महीने के एलटीसी राशि का नकदीकरण व पुराना बोनस फार्मूला परिवर्तित करने की मांग है। साथ ही सेल के ठेका मजदूरों का वेतन समझौता कर एस -1 ग्रेड का वेतन देने ईएसआईसी की सीमा 50 हजार करने, 20 प्रतिशत बोनस देने और आरआईएनएल का निजीकरण रोके जाने की मांग की जा रही है।

## ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन करेगा भिलाई इस्पात विकास विद्यालय का संचालन




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित सेक्टर 6 और सेक्टर 11 खुर्सीपार में स्थित भिलाई इस्पात विकास विद्यालयों के संचालन की जिम्मेदारी सेल–बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा, अक्षय पात्र और ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन के रीजनल प्रेसिडेंट स्वामी व्योमपाद को को भिलाई इस्पात विकास विद्यालय, सेक्टर 6 में सौपी गई।

■ सेल भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया एमओयू

बीएसपी और अक्षय पात्र की सहयोगी संस्था ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन के बीच, विगत महींने एक एमओयू (मेमोरेंडम अफ अंडरस्टैंडिंग) साइन किए गया था। इस एमओयू के अनुसार भिलाई इस्पात विकास विद्यालय स्कूलों के सम्पूर्ण प्रबंधन का कार्य, देशव्यापी संस्था अक्षय पात्र फाउंडेशन की एक सहयोगी संस्था "ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन" द्वारा संचालित किया जाएगा। पवन कुमार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भिलाई इस्पात विकास विद्यालयों से निकलने वाले विद्यार्थियों में नैतिकता और मूल्यों की भावना हमेशा बनी रहेगी। साथ ही ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन इन विद्यालयों को चलाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेगा। व्योमपद दास ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बीआईवीवी स्कूल सफलतापूर्वक संचालित हों।

इस अवसर पर बीएसपी की ओर से पवन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक शिवराजन नायर, शिखा दुबे, उप महाप्रबंधक मनीष पन्त, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कुमार कामड़े तथा उप प्रबंधक केके वर्मा, प्रधानाध्यापक बाला सुब्राम्नयम, प्रधानाध्यापिका पद्मजा नंदकुमार उपस्थित थीं। अक्षय पात्र की ओर से रीजनल प्रेसिडेंट (अक्षय पात्र एवं ग्रेट इंडिया टैलेंट फाउंडेशन) स्वामी व्योमपाद दास, अनुराग पनवरिया, वृंदा अनिल कुमार, मंजरी उपस्थित थीं । महाप्रबंधक शिखा दुबे ने कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी। एचएम के बाला सुब्रमण्यम ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यक्रम का संचालन मंजरी द्वारा किया गया।

### मां दुर्गा का दर्शन करने पहुंचे सांसद बघेल



**भिलाई।** श्री सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति आजाद चौक भिलाई तीन में सांसद विजय बघेल, पत्नी रजनी बघेल के साथ माता का दर्शन करने पहुचे थे। श्री बघेल माता का दर्शन कर प्रसाद भी ग्रहण कर समिति के लोगों से भी मुलाकात की। इस दौरान संजय ठाकुर, रामचंद्र बेहरा, माधव, चितरु साहू , निरंजन साहू, राकेश स्वाईं, नारायण साहू समेत समिति के लोग मौजूद थे।

### दिवाली के लिए शहर को करें कचरामुक्त

**भिलाई ।** जन जागरण फोरम ने दिवाली के पूर्व शहर में जमीनी स्तर पर सफाई अभियान चलाने की मांग नगर निगम से की है। फोरम सह सचिव सुदेश चंद्राकर ने बताया कि त्योहार के समय भी निगम क्षेत्र यानी पटरीपार और टाउनशिप गंदगी से पटा पड़ा है। राधिकानगर से खुर्सीपार तक नालियां और सड़को चौराहों पर भारी अस्वस्छता है। बीएसपी के क्षेत्र टाउनशिप में भी कचरा यहां वहां फैला हुआ है। नियमित सफाई नहीं हो रही है। गांधी जयंती तक स्वच्छता अभियान चलाया गया लेकिन इसके बाद भी पूरे शहर में भारी गंदगी है। त्योहार को देखते हुए विशेष सफाई अभियान चलाकर शहर को पूरी तरह कचरामुक्त किए जाने की जरुरत है, ताकि लोग स्वच्छ वातावरण में दिवाली दशहरा मना सकें।

### बीएसपी का ब्लास्ट फर्नेस-6 एक्सटेंसिव कैपिटल रिपेयर के बाद पुनः स्टोव हीटिंग शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस- 6 के स्टोव 18 व 20 की हीटिंग का कार्य, एक्सटेंसिव कैपिटल रिपेयर के बाद 10 अक्टूबर को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक मनोज कुमार और ब्लास्ट फर्नेस, आरईडी, पीएलईएम सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति में स्टोव 18 और 20 के पुनः प्रज्ज्वलन के साथ ही स्टोव हीटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिससे इसके फर्नेस उत्पादन में शामिल होने की प्रक्रिया भी शुरु हो गई है।

18 अगस्त को एक्सटेंसिव कैपिटल रिपेयर के लिए बंद किए जाने के बाद, अब प्लांट में ब्लास्ट फर्नेस-6 अपनी एक्सटेंसिव रिपेयर गतिविधि के पूरा होने के करीब है। 2024-25 एनुअल बिज़नेस प्लान (एबीपी) के लिए हॉट मेटल के उत्पादन लक्ष्यों को पूरा करने हेतु ब्लास्ट फर्नेस जल्द ही फिर से परिचालन में आने के लिए तैयार है।




## रिसाली में रावण का अहंकार जला, भूपेश बघेल बोले-हमेशा सत्य की होती है जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आदर्श सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मंडल ने दशहरा मैदान रिसाली सेक्टर में दशहरा उत्सव मनाया। आयोजन में अहंकार रूपी रावण का दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोकरंग का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। आयोजन में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सत्य की हमेशा जीत होती है। जीवन में कभी भी अहंकार नहीं पालना चाहिए। अन्यथा रावण की तरह हाल होता है। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भी शामिल हुए। उनके अलावा रिसाली की महापौर श्रीमतीं शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, इंजीनियर एमके साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में लोकरंग की प्रस्तुति के बाद रामलीला का मंचन हुआ। इस बीच भव्य आतिशबाजी के बाद रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रकुमार वर्मा ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष गेंदलाल वर्मा ने आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष शिवराज शर्मा ने आयोजन के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में संरक्षक जितेंद्र साहू, भुनेश्वर वर्मा, चन्द्रशेखर देवांगन, दिलीप चन्द्राकर, सरजूराम वर्मा, सरजूराम वर्मा, सुरेंद्र शर्मा, राजकुमार देसमुख सहित अन्य मौजूद थे।

■ रिसाली में दशहरा उत्सव, लोकरंग का रंगारंग कार्यक्रम भी हुआ



### रेल एल स्ट्रक्चरल मिल के कर्मचारियों को मिला शिरोमणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एल स्ट्रक्चरल मिल विभाग में को शिरोमणि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक प्रबंधक राकेश कुमार पटेल को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा नरेश कुमार देवांगन (जूनियर इंजीनियर),राधेश्याम शर्मा (इंजीनियर एसोसिएट), तारकेश्वर नायक (जूनियर इंजीनियर), दिलीप कुमार (इंजीनियर एसोसिएट) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार दिया गया। महाप्रबंधक प्रशांत लाखे ने चयनित कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, उनकी पत्नी को प्रशंसा पत्र तथा मिठाई का कूपन देकर सम्मानित किया। समारोह में महाप्रबंधक विनय कुमार, आरके राजधर, प्रशांत खोंड, डीजीएम अजय वर्मा, एजीएम विक्रम वर्मा, जीपी सोनी, वरिष्ठ प्रबंधक आरके नायक आदि उपस्थित थे।

## जयंती स्टेडियम से लगे खेल मैदान में स्थायी फेंसिंग की दरकार

# खेल मैदान से गुजरते हैं मवेशी व वाहन, खिलाड़ी कैसे करें अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों के सबसे बड़े मैदान जंयती स्टेडियम से लगे खेल मैदान में व्याप्त समस्याओं को कारण खिलाड़ियों को अभ्यास करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही खेल प्रतियोगिताओं में भी परेशानी होती है। खिलाड़ियों और आयोजकों को सबसे ज्यादा असुविधा बारिश के मौसम में होती है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई निवास के सामने स्थित भिलाई इस्पात संयंत्र का खेल मैदान शहर का सबसे बड़ा खेल परिसर है। पिछले चालीस साल से यहां विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ रोज शहर के खिलाड़ी प्रेक्टिश भी करते हैं। लेकिन इस दौरान उन्हें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खेल मैदान को सुविधायुक्त व सुरक्षिता बनाए जाने की मांग खिलाड़ी लंबे समय से कर रहे हैं। यहां सायकल पोलो, फुडबाल, दौड़, एथलेटिक्स, क्रिकेट आदि खेलों के सैकड़ों खिलाड़ी रोज अभ्यास करते हैं। इससे लगा बाक्सिंग क्लब भी है। विभिन्न खेलों की राज्य व जिला और सेल स्तरीय व प्रतियोगिताएं भी होती है। सेल डे खेल व मैराधन आदि भव्य आयोजन भी होते रहते हैं। लेकिन पूरे खेल मैदान में चारों ओर फेंसिंग नहीं है। इससे खिलाड़ियों को खेल व अभ्यास के दौरान कई तरह की परेशानियां हो रही हैं ।खिलाड़ियों के मुताबिक अभ्यास व खेलों के दौरान आवारा मवेशियों के घुसने और बीच से दोपियाचालकों को आवाजाही होते रहने से व्यवधान उत्पन्न होता है । इससे खिलाड़ियों का ध्यान भंग होता है। वहीं दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता है।



### बरसात में मैदान के उबड़ खाबड़ होने से बढी दिक्कतें

खेल मैदान में सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के मौसम होती है। बारिश से मैदान गीला होने से जलभराव व कीचड़ की समस्या होती है। यहां पक्का कोर्ट भी नहीं बनाया गया है। बारिश के बाद खेल मैदान उबड़खाबड़ हो जाता है । इससे खिलाड़ियों को अभ्यास में तकलीफ होती है। इस खेल मैदान के चारों ओर पब्लिक प्लेस होने से गहमगहमी बनी रहती है। सामने भिलाई निवास, जंयती स्टेडियम, भिलाई क्लब, नगर सेवाएं विभाग भवन, न्यू सिविकसेंट मार्केट और मड़ौदा रिसाली सेक्टर भी लगा हुआ है। इससे लोग शार्टकट के लिए यहां से आते जाते रहते हैं।

### आयोजनों के दौरान होती है गहमागहमी

जयंती स्टेडियम के निकाट इस मैदान के एक छोर में गाहे बगाहे भव्य धार्मिक आयोजन व विभिन्न कार्यक्रम भी होते रहते हैं। इनमें लाखों लोग पहुंचते हैं। विभिन्न कथावाचकों के प्रवचन, सामाजिक व राजनीतिक दलों की चुनावी सभाएं आदि कार्यक्रम होने से लाखों की भीड़ खेल मैदान की व्यवस्था और बिगड़ते रहती है। भारी अस्वस्छता व दुर्गंध के माहौल में खिलाड़ियो की असुविधा होती है। खिलाड़ियों ने बीएसपी प्रबंधन से इस खेल मैदान को सर्वसुविधायुक्त व स्थाई फेंसिंग लगवान की मांग की है।



Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



स्पेनिश अदाएं

## लाइव इवेंट

### बॉल क्रिकेट में शामिल होने भिलाई की टीम सोनीपत हरियाणा जाएगी



**भिलाई।** हरियाणा के सोनीपत में 17 से 20 अक्टूबर तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम भी भाग लेगी। बालक टीम के प्रशिक्षक प्रभात निगम एवं प्रबंधक संतोष प्रसाद एवं बालिका टीम के प्रशिक्षक कुदरत दास एवं प्रबंधक कुमारी महम आरा हैं। छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका अच्छे प्रदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव बशीर अहमद, बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष आरके श्रीवास्तव, वंश बहादुर सिंह, आजाद अहमद खान, सुनील कुमार डड़सेना, राधेश्याम, संतोष भारद्वाज, जेपी आर्य, कृष्ण राव ने शुभकामनाएं दी हैं।

- 17 और 20 अक्टूबर तक जूनियर राष्ट्रीय बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## सिटी इवेंट

### खंडेलवाल कॉलोनी में गरबा कर महिलाओं ने की माता की भक्ति



**दुर्ग।** खंडेलवाल महिला मंडल दुर्ग और एकदंत गणेश उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया। गरबा का प्रशिक्षण रचना, रिया खंडेलवाल ने दिया। खंडेलवाल कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष आशीष, पार्षद नीता जैन भी कार्यक्रम में पहुंचे। आरती रंजन और बृजमोहन खंडेलवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए, जिन्होंने डांडिया और गरबा खेलकर माता की आराधना की। महिला मंडल के अध्यक्ष रश्मि खंडेलवाल ने बताया कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, आराधना सीमा, वर्षा, रचना, रानू, रिया, अंजलि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। एकदंत ग्रुप के सदस्य आकाश पारख, यश पारख, आदित्य साहू, भावेश लोढ़ा, आशुतोष शर्मा आयोजन में मौजूद थे।

- 1 दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव भी हुए शामिल

## सिटी इवेंट

### तालीम हमारी सबसे बड़ी जरूरत, हर हाल में इसे हासिल करें: डॉ. परवेज




**भिलाई।** इकरा टीचर्स एसोसिएशन ने 10वीं और 12वीं के इम्तिहान में कामयाबी हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। रविवार को मुस्लिम कम्युनिटी हॉल जामा मस्जिद सेक्टर-6 में रखा गया। इस दौरान सत्र 2023-24 में 10 वीं और 12वीं के इम्तिहान में 70 फीसदी या उससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले 55 मेधावी सम्मानित हुए। संस्था के सहयोग से भविष्य संवार चुके 25 नौजवानों को भी इस दौरान सम्मानित किया गया। ये सभी नौजवान सरकारी, गैर सरकारी और विदेशी संस्थानों में सेवारत हैं। आयोजन में रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में केमिस्ट्री के प्रोफेसर डॉ. शम्स परवेज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सबसे बड़ी जरूरत तालीम है। जिंदगी में चाहे कितनी भी दुश्वारियां आए हमें तालीम हासिल करनी ही है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरए सिद्दीकी ने इकरा के काम को वक्त की जरूरत बताते हुए अपील की कि समाज के जिन बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक वजहों से रुकावट आ रही है। इस अवसर पर फखरुद्दीन फारुक़ी, मजहर अनीस, समी अख्तर फारुकी, क्यूए खान, सादिया फारूकी, हाजी अयाज अहमद, मिर्जा आसिम बेग सहित अन्य ने अपनी बात रखी। उर्दू के अफसाना निगार रौनक जमाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजन में बैतूल माल कमेटी से अब्दुल हफीज,अल मदद वेलफेयर सोसाइटी, उम्मीद फाउंडेशन और रिसाली मस्जिद कमेटी के अराकीन, इकरा टीचर्स एसोसिएशन से शेख जाफर सहित तमाम लोगों ने अपनी भागीदारी दी।

- इकरा टीचर्स एसोसिएशन भिलाई ने मेधावी बच्चों का किया सम्मान

---

**महोत्सव : बंगाली समाज ने दुर्ग-भिलाई की काली बाड़ी और कला मंदिर में माता को अर्पित किया सिंदूर**

# जीवंत हुई भक्ति... सुहाग के लिए सिंदूर खेला

विजयादशमी का पर्व, मां दुर्गा को विदाई देने लिए सिंदूर अर्पित करते हुए सिंदूर खेला महोत्सव का आयोजन रविवार को दुर्ग और भिलाई में हुआ। प्रमुख रूप से काली बाड़ी और कला मंदिर में सिंदूर खेला महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सफेद साड़ी पहने, माथे पर लाल बिंदी और हाथों में पूजा का थाल लिए महिलाएं पहुंचीं। बंगाली समाज के इस आयोजन में चारों ओर भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम नजर आया। दुर्गा पंडाल में भी बंगाली समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पश्चि बंगाल की झलक भिलाई में देखने को मिली। बंगाली समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूरअर्पित किया। पूजा की थाली में रखे पान के पत्तों से मां को विदाई देने से पहले सिंदूर अर्पित करने का यह आयोजन देखते ही बन रहा था। बता दें कि दुर्ग-भिलाई में बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग रहते हैं। रविवार को इसकी झलक दिखाई पड़ी।



**भिलाई।** आयोजित कार्यक्रमों में महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग की लंबी उम्र, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। साथ ही ढोल की थाप पर नृत्य भी किया। उत्सव की खास बात यह रही कि इसमें बंगाली समुदाय की महिलाओं के साथ-साथ दूसरे समाज की महिलाओं ने भी भाग लिया। सुख-समृद्धि की कामना इस मौके पर दुर्गाबाड़ी बानी सोनी ने बताया कि यह आयोजन पिछले कई सालों से हो रहा है। दशमी के दिन मां को विदाई देते वक्त हम उनसे सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। सिंदूर अर्पित कर उनसे अपने जीवन को सुरक्षित रखने की प्रार्थना करते हैं। यह आयोजन केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इधर वैशालीनगर, सेक्टर-6 कालीबाड़ी, सेक्टर-4, पद्मनाभपुर, न्यू आदर्श नगर दुर्ग, आशीष नगर रिसाली सहित दुर्ग-भिलाई के कई अन्य जगहों पर सिंदूर खेला उत्सव मनाया गया।







### वैशाली नगर कालीबारी सिंदूर खेला

शारदीय दुर्गोत्सव के अंतिम दिन विजया दशमी को बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला उत्सव का आयोजन किया गया। ये आयोजन भिलाई के सभी बंगाली दुर्गा पंडालों में किया गया। सिंदूर खेलकर सुहागिनों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। रविवार को बंगाली समाज के साथ ही अन्य समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर पूजा-अर्चना की एवं एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। सिंदूर खेला को देवी सिंदूर वरन के नाम से भी जाना जाता है।

### धार्मिक मान्यताओं के आधार पर माता की विदाई

धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा जब मायके से विदा होकर ससुराल जाती है तो उनकी मांग सिंदुर से सजाई जाती है। इसके बाद सुहागिन स्त्रियां एक-दूसरे को सिंदुर लगाकर शुभकामनाएं देती हैं। मान्यता है कि इससे सुहागिनों को सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। भिलाई के हुडको कालाबाड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, सेक्टर 6 कालीबाड़ी सहित इस्पात नगर रिसाली, रूआबांधा, सेक्टर 7 पानी टंकी मैदान, सेक्टर 4, स्मृतिनगर आदि पूजा पंडालों में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इसके बाद दुर्गा सहित अन्य देवताओं को विसर्जित किया गया।

---

## पद्मनाभपुर स्टेडियम में खुद जला अहंकारी रावण

**दुर्ग।** पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में शनिवार की रात दशहरा उत्सव में अनोखे दृश्य ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। यहां का विशालकाय रावण का पुतला खुद जलकर स्वाहा हो गया। रावण का पुतला दहन के लिए भगवान श्री रामचंद्र का वेष धरे कलाकार और ना ही अतिथियों द्वारा अग्निबाण चलाया गया, बावजूद रावण का पुतला खुद जल उठा। दरअसल दशहरा उत्सव में रावण के पुतला दहन के पूर्व परंपरानुसार गगनचुंबी आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी की यह चिंगारी रावण के पुतला में गिरी और देखते ही देखते रावण का पुतला भरभरा कर जल गया। रावण जब जला तब मंच पर अतिथियों का उद्बोधन चल रहा था। उत्सव के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे का उद्बोधन शेष था। रावण के पुतले के खुद जलने का यह घटनाक्रम इतनी तेज़ी से घटा की आयोजन समिति के सदस्य हाथ पर हाथ धरे रह गए। न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता है। आयोजन के दौरान रामलीला का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद रत्नाकर राव, एमआईसी सदस्य दीपक साहू, पार्षद हेमा जगदीश शर्मा, समाजसेवी कैलाश बारमेचा, डॉ. दीपक वर्मा, जिला बेटी बचाओ मंच अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, एएसपी शहर अभिषेक झा, सीएसपी चिराग जैन, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश समर्थ सहित अन्य मौजूद थे।

- आतिशबाजी के पटाखों की चपेट में आने के बाद रावण जल पड़ा



## कार्टूनिस्ट पांडुरंगा ने योगीराज का किया सम्मान, भेंट किया पोर्ट्रेट स्कैच

**भिलाई।** मैसूर के प्रख्यात मूर्तिकार और अयोध्या के श्री राम मंदिर में स्थापित बालाराम की प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज का सम्मान भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर वरिष्ठ प्रबंधक और देश-विदेश में अपनी कार्टून कला से अलग पहचान बनाने वाले बीवी पांडुरंगा राव ने किया। शिल्प कला शैले, मैसूर स्थित मूर्तिकला कार्यशाला में पांडुरंगा राव ने अरूण योगीराज को एक पोर्ट्रेट स्कैच भेंट किया, जिसे राव ने स्वयं तैयार किया था। इस पोर्ट्रेट स्केच में बाला राम की मूर्ति की तस्वीर भी जोड़ी गई है। पांडुरंगा राव ने योगीराज को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उनसे मिलने के लिए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। योगीराज ने 81 वर्षीय वरिष्ठ कार्टूनिस्ट को धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा कि कार्टूनिंग के क्षेत्र में तथा विभिन्न अन्य गतिविधियों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को जानकर उन्हें भी प्रेरणा मिली।



---

**वैशाली नगर में सजी कविताओं की महफिल, हंसी-ठहाकों के बीच देर रात तक आयोजन**

## लोकांगन में कवि सम्मेलन, हजारों काव्य प्रेमियों ने हास्य, प्रेम, वीर रस से ओतप्रोत कविताओं का किया रसपान

कार्नर न्यूज




लोकांगन वैशालीनगर में विजय दशमी पर्व पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां हजारों काव्य प्रेमी देर रात तक ठहाकों के साथ हास्य रस की धारा में गोते लगाते रहे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की मेजबानी में हुए इस हास्य कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध मूर्धन्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, मध्यप्रदेश इंदौर से गीत ग़ज़ल की उम्दा हस्ताक्षर डॉ. भुवन मोहिनी, उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पधारे मशहूर हास्य रचनाकार अनिल चौबे, नई दिल्ली की हास्य विनोद से भरपूर गीत ग़ज़ल की फनकार डॉ. पद्मिनी शर्मा और हास्य तथा श्रृंगार रस के नवोदित कवि सूरज मणि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।









**भिलाई।** हास्य व्यंग्य के सम्मेलन की कप्तानी करते हुए दुर्ग के कवि और सम्मेलन के संचालक डॉ. सुरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ी भाषा में ठिठोली के साथ काव्य प्रेमियों को पधारे हुए कवियों का परिचय करवाया। नई दिल्ली के युवा कवि सूरज मणि ने कवि सम्मेलन की ओपनिंग करते हुए श्रृंगार रस के गीतों से भारत वर्ष की संस्कृति और परंपराओं से लेकर घर में पति पत्नी की नोंक झोंक और प्रोफेसर और स्टूडेंट्स के बीच बुद्धिमता को लेकर ऐसा समां बांधा कि महफ़िल हंसी ठहाकों से गूंज उठी।

### हंसी-ठहाकों ने गुदगुदाया, सुरेंद्र दुबे ने कवियों पर किए काव्य कटाक्ष

इस बीच उन्होंने प्रयागराज से लेकर रायपुर के बीच सफर के दौरान छोटे छोटे हास्य के किस्सों से लोगों को गुदगुदाया। तभी नई दिल्ली से पधारीं डाक्टर पद्मिनी शर्मा और डॉ. सुरेंद्र दुबे के बीच महिला और पुरूषों को लेकर शुरू हुए काव्यात्मक नोंक झोंक और वाद प्रतिवाद का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। पद्मिनी शर्मा द्वारा महिलाओं को लेकर गजल भी पढ़ी गई। काव्य प्रेमियों के बीच बैठे बुजुर्गों की ताड़ती आंखों को लेकर पद्मिनी ने उन्हें अनूप जलोटा की जैसे ही संज्ञा दी। उत्तर में पद्मश्री सुरेंद्र दुबे में कहा छत्तीसगढ़ के बुजुर्गों को वो कत्तई कमजोर समझने की भूल न करें।

### हास्य कविताओं ने लोगों को हंसाया, लतीफों को काव्य रूप में ढाला

वाराणसी से पधारे अनिल चौबे ने अपनी हास्य कविताओं से सम्पूर्ण लोकांगन परिसर को बांधे रखा। अनिल चौबे ने कोरोना काल से लेकर चीन के जिंगपिंग तक अपने लतीफों को काव्य रूप में ढाल कर लोगों को ठहाके लगाने विवश कर दिया। उन्होंने कहा कि वो काशी विश्वनाथ की नगरी से शिवनाथ को मां गंगा का प्रणाम लेकर आए हैं। इंदौर से पधारीं डाक्टर भुवन मोहिनी ने अपनी श्रृंगार रस से लबरेज ग़ज़लों से शमां बांध दिया। उन्होंने भी पद्मश्री सुरेंद्र दुबे के कटाक्ष का अपनी कविताओं से जवाब दिया। डाक्टर सुरेंद्र दुबे ने विधायक रिकेश सेन द्वारा छत्तीसगढ़ की साहित्य और कला के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों को सराहा।

सिटी इवेंट

## हिंदू मिलन मंदिर में मनी नवरात्रि, 16 को लक्ष्मी पूजा



**भिलाई।** भारत सेवाश्रम संघ से अनुमोदित हिन्दू मिलन मन्दिर मैत्री कुंज रोड रिसाली में नवरात्रि का पर्व मनाया गया। शारदीय दुर्गा पूजा का यह 22 वां वर्ष था। समिति के सचिव सुभाष चन्द्र साहा ने बताया कि दुर्गापक्ष 9 अक्टूबर पंचमी तिथी से 12 अक्टूबर दशहरा तक आयोजित की गई। 16 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा एवं 31 अक्टूबर को दीपावली पर काली पूजा का आयोजन किया जाएगा। दुर्गा प्रतिमा के अनावरण पर बीएसपी अधिकारी एस. मुखोपाध्याय, विशेष अतिथी पीके सरकार, उत्पल दत्ता थे। साहा ने भविष्य में मन्दिर द्वारा सामाजिक गतिविधियों के प्रति उत्तरादायित्वों को पूरा करने पर प्रतिबद्धता जाहिर किया। आगामी नवम्बर के प्रथम सप्ताह में भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक युगाचार्य स्वामी प्रणवानन्द महाराज के आश्रम कोलकाता मुख्यालय से संस्था प्रचार प्रसार दल के प्रमुख स्वामी सर्वेशानन्द का आगमन है। साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान प्रतिदिन विधि विधान से पूजा अनुष्ठान आरती पुष्पांजलि के बाद महाभण्डारे का आयोजन किया गया।

- मैत्री कुंज रोड रिसाली में आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने दी प्रस्तुति, प्रतिभावान हुए सम्मानित

मां दुर्गा के अनावरण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यकम का आगांज द हारमोणी नामक बैनर तले प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन पापडी बिस्वास एवं समिती सचिव सुभाष साहा ने किया। कार्यक्रम मां दुर्गा की आगोमोनी समूह संगीत के साथ प्रारम्भ हुआ। इस संगीतमय मंच एक विशेष बात यह रही कि यहा संगीत नृत्य आवृत्ति, नाटक के मचंन में 5 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष आयु के वरिष्ठ महिला के द्वारा अपने कला का प्रर्दशन करते हुये देखा गया।

स्पोर्ट्स लाइव

## इंटर एलिट ग्रुप अंडर-19 के मैचेस 16 अक्टूबर से शुरू

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) अंडर-19 एलिट ग्रुप की एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता जल्द शुरू होने वाली है। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 16 से 22 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए दो पूल बनाए गए हैं। पूल ए में बीसीए, बिलासपुर, दुर्ग एवं सरगुजा की टीम को शामिल किया गया है। वहीं पूल बी में रायपुर, राजनांदगांव, प्लेट कंबाइंड और बीएसपी की टीमें शामिल की गई हैं। पूल ए के मैचेस धमतरी एवं कांकेर में खेले जाएंगे। वहीं पूल बी के मैचेस राजनांदगांव और बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेले जाएंगे। बता दें कि अक्टूबर महीने की शुरुआत के साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हो गया है। आगामी दिनों में कई बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसे लेकर भिलाई और दुर्ग मे क्रिकेट संघों द्वारा व्याप स्तर पर तैयारियां की जा रही है।



समाज इवेंट

## जैन समाज के युवाओं ने किया रक्तदान, 75 यूनिट का सहयोग



**दुर्ग।** समता युवा मंच के युवाओं ने रक्तदान कर लोगों को ब्लड डोनेट करने जागरूक किया। रविवार के लगाए गए शिविर के माध्यम से 75 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। वर्धमान जैन भवन में यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रखर श्रीश्रीमाल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में रक्तदाता के द्वारा बहुमूल्य रक्त दिया गया। शिविर में मुख्य रूप ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, नर्सिंग आफिसर तरूणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, पर्यवेक्षक रूपेश सप्रे, लैब टेक्नीशियन तरन्नुम, दिनेश सहित अन्य मौजूद थे। दान में दिए गए रक्त को ब्लड बैंक दुर्ग के सुपुर्द किया गया। ताकि जरुरत के समय मरीजों के काम आ सके।

- वर्धमान जैन भवन में लगाया गया रक्तदान शिविर

### मॉडल उत्तर पर दावा आपत्ति 16 तक

**भिलाई।** छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर पिछले दिनों जारी किए गए थे। इस पर दावा-आपत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक किए जा सकते हैं। दावा-आपत्ति शुल्क प्रति प्रश्न 50 रुपए है। आपत्ति सही होने पर शुल्क वापस होगा। गौरतलब है कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के तहत छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द की भर्ती के लिए व्यापमं से परीक्षा आयोजित की गई थी। कुल 300 पदों की भर्ती के लिए 6.30 लाख आवेदन मिले थे। इनमें से करीब 3.53 लाख परीक्षा देने पहुंचे थे। मॉडल उत्तर जारी होने की वजह से संभावना है कि नतीजे भी इसी महीने जारी होंगे। आपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर जारी की गई है।

● प्रख्यात गायक लवेश-हिमांशु बुरड़ की जोड़ी के भक्ति गीतों में झूमा जैन समाज

# दादा गुरुदेव के पूजन में जैन समाज के 504 जोड़े हुए शामिल और भक्ति गीतों में जमकर थिरके

**दुर्ग।** दादा गुरुदेव जिनदत्तसूरि, मणिधारी दादा गुरुदेव जिनचंद्रसूरि, दादा जिनकुशलसुरि, जिनचंद्रसूरि महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। छत्तीसगढ़ में अपने तरह का यह पहला आयोजन था, जिसमें पूज्य गुरुदेवों का पूजन किया गया। जैन समाज के 504 दंपत्तियों ने भक्ति गीतों में नृत्य किया। महेश कॉलोनी स्थित सभागृह में साध्वी दर्शन प्रभा, ज्ञान प्रभा एवं चरित्र प्रभा के सानिध्य में यह आयोजन हुआ। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं रत्नत्रयी चातुर्मास समिति के बैनर तले यह आध्यात्मिक आयोजन हुआ। इस आयोजन में भाग लेने देश के अलग-अलग शहरों से गुरु भक्त परिवार सहित दुर्ग पहुंचे। इंदौर से आए विधि कारक अरविंद भाई ने विधि-विधान से दादा गुरुदेव महापूजन की पूजा अर्चना संपन्न कराई। देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक लवेश- हिमांशु बुरड़ की जोड़ी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी भक्ति गीतों में मंत्र मुक्त होकर भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए झूम-झूम कर भक्ति गीतों का आनंद लिया। आयोजन रविवार की दोपहर 12 शुरू हुआ, जो शाम 5:30 बजे तक चला।





### चांदी के अभिमंत्रित कलश के लिए लगी बोली, बोहरा परिवार ने लिया कलश

इसी तरह चांदी के अभिमंत्रित कलश का लाभ भी गुरु भक्त परिवार से दिलीप बोहरा परिवार ने लिया। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु चातुर्मास समिति के पदम बरडिया, अमृत लोढ़ा, कांतिलाल बोथरा, धर्मचंद लूनिया, ज्ञानचंद कोठारी, विनोद गोलछा, मनीष बोथरा, सुरेश कोठारी, रितेश बुरड़, टीकम चौरड़िया, गिरीश गोलछा, अशोक दुग्गड, दिलीप गोगड़, हुकम श्रीश्रीमाल, राजेश मालू, संतोष दुग्गड़ सहित अन्य मौजूद थे। मूर्ति पूजक संघ दुर्ग, जिन कुशल दादाबाड़ी ट्रस्ट मालवीय नगर, ऋषभदेव जैन मंदिर एवं दादाबाड़ी ट्रस्ट ऋषभ नगर ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।



### महिलाएं घाघरा, औढ़ना और पुरुष धोती, चोल, दुपट्टा में नजर आए

आयोजन में महिलाएं घाघरा ओढ़ना में तो पुरुष वर्ग पूजा के पारंपरिक परिधान धोती, चोल, दुपट्टा में नजर आए। दादा गुरुदेव की प्रतिमा तथा यज्ञ अनुष्ठान के लिए सामग्री साथ में वितरित की गई। अनुष्ठान पूरे आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न कराया गया। जप अनुष्ठान के साथ दादा आदिनाथ एवं गौतम स्वामी की अभिमंत्रित प्रतिमा का बोली लगाकर गुरु भक्त परिवार उसे प्रतिमा को अपने घर में स्थापित करेंगे। इस बोली का लाभ रमेश अंकुश वर्धमान टाटिया तथा गौतम स्वामी की प्रतिमा को घर ले जाने का ज्ञानचंद पदम कुमार कोठारी को यह लाभ मिला।

सूर्य विहार में कार्यक्रम

## महिषासुर मर्दिनी पर लघु नाटक रामलीला का भी हुआ आयोजन





**भिलाई।** सूर्य विहार कॉलोनी दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। साथ में मुकेश अग्रवाल, पार्षद और श्याम लाल साहू, पूर्व महासचिव, स्टील वर्कर्स यूनियन विशेष अतिथि थे। प्रवेश द्वार पर सोनपत्ती भेंट कर सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिषासुर मर्दिनी पर नाटक की प्रस्तुति दी गई। रामलीला का भी आयोजन किया गया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि बुराई रुपी प्रतीक रावण के पुतले को जलाकर बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत होती है। इस कार्यक्रम में सूर्य विहार की महिलाओं द्वारा महिषासुर मर्दिनी का एक लघु गीती नाट्य स्वरूप प्रस्तुत किया। इसमें महिलाओं ने माँ शक्ति दुर्गा के विभिन्न रूपों का आकर्षक मंचन किया। साथ ही सूर्य विहार के छोटे बच्चों ने रामलीला का एक मनमोहक नाटय प्रस्तुत किया। दोनों कार्यक्रम की पटकथा तथा कोरियोग्राफी सूर्य विहार निवासी रजनी की थी। एक अन्य आकर्षण श्रीराम कुटिया थी। जहां भगवान श्रीराम, देवी सीता और लक्ष्मण दंडकारण्य (वर्तमान छत्तीसगढ़ में स्थित) वनवास के समय रहते थे। यह दर्शकों के लिए एक लोकप्रिय सेल्फी पॉइंट था। संचालन एम श्रीनिवास ने किया। अंत में मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।

अंबेडकर भवन सेक्टर-6 में आयोजन

## मिनल परछाई ने बौद्ध और भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं






**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में अशोका विजयादशमी एवं धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। सुबह 10 बजे संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील ध्वजारोहण कर सामूहिक वंदना की। इसके बाद वक्ताओं ने अपने विचार रखे। शाम के समय मिनल परछाई नागपुर का कार्यक्रम हुआ, जिसमें बुद्ध और भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य वक्ता के रूप में अभिषेक कुमार, सत्येंद्र बंसल, अजय गजघाटे डीजीएम बीएसपी, सचिन रंगारी, सविता मेश्राम अध्यक्ष और भंतेजी सप्पजनो, उत्तमो, मग्गो भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महान सम्राट अशोक के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

### आयोजित कार्यक्रम में दी गई प्रस्तुतियां

रात 9 बजे आर्केस्ट्रा मिनल परछाई नागपुर का कार्यक्रम हुआ। बुद्ध एवं भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुति हुई। इस समारोह में विनोद वासनीक, कृष्णा बंसोडकर, देवानन्द मेश्राम, रामराव ढोक, धरमपाल गजभिये, अशोक श्यामकुवर, भागवत बागडे, प्रदीप सोमकुंवर, अशोक नंदेश्वर, अजय अडकने, कीर्ति लांजेवार, ठानेन्द्र कामडे, आईके रामटेके, ज्ञानचंद टेंभुरकर, जेबी पाटील सहित अन्य मौजूद थे।

कार्नर न्यूज

प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने तैयार की पेंटिंग

## हनुमान के समुद्र लांघने वाली पेंटिंग तैयार कर सांसद बघेल को भेंट की






**भिलाई।** ललित कला अकादमी रीजनल सेन्टर की स्थापना को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में भिलाई में सेंटर खोलने को लेकर सांसद विजय बघेल द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर सम्मानित किया गया। उन्हें मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी की तैयार पेन्टिंग भेंट दी। पेन्टिंग में उन्होंने हनुमान द्वारा समुद्र को लांघने वाले दृश्य का चित्रांकन किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, चित्रकार बीएल सोनी, रंगकर्मी विजय शर्मा, प्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल, वीरेन्द्र पटनायक, साहित्यकार मेनका वर्मा, रूपा साहू, पीएल जेना, लल्लेश्वरी साहू, यश दलवी, कांता देवी तथा ललित कला के प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से आज तक भारत में सिर्फ 7 सेन्टर ही बनाए गए हैं। इसलिए नए सेन्टर के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। भिलाई में सेंटर खोले जाने की बात भी चल रही है। विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के सामने भी सांसद ने इस समस्या के समाधान की बात रखी थी। सांसद के इस भागीरथी प्रयास से छत्तीसगढ़ के समस्त कलाकारों में खुशी की लहर व्याप्त है। विद्यार्थी ने उम्मीद जताई है कि सांसद के प्रयासों से भिलाई में शुरू होगा। इससे भिलाई के मिनी इंडिया कहलाने वाली कला संस्कृति की प्रसिद्धि पूरे विश्व में फैल सकेगी। साहित्यकार मेनका वर्मा ने मंच संचालन किया। रूपा साहू ने भगवान हनुमान के दोहों और चौपाइयों से पूरा माहौल भक्तिमय बनाया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रणजी ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को बढ़त अजय-आशीष ने लिए 3-3 विकेट



**रायपुर।** बी.सी.सी.आई. द्वारा रणजी ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 11 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पहला मैच (11-14 अक्टूबर) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, रायपुर में दिल्ली टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 110.5 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 343 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रांरभिक बल्लेबाज आयुश पांडे ने शानदार पारी खेलते हुये 89 रन बनाये। उनके अतिरिक्त संजित देसाई ने 77 रन नाबाद तथा अजय मंडल ने 69 रनों का योगदान दिया। अजय मंडल ने शुभम अग्रवाल के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिये 97 रनों की साझेदारी की। दिल्ली की ओर से आयुष बदोनी ने 4 विकेट प्राप्त किये साथ ही ऋतिक शौकिन और हर्ष त्यागी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दिल्ली ने तीसरे दिन 177 रनों से आगे खेलते हुये अपने 2 विकेट जल्दी खो दिए। कप्तान हिम्मत सिंह 65 रन तथा हर्ष त्यागी 18 रन बनाकर अजय मंडल का शिकार बने। जल्दी ही ऋतिक शौकीन को 5 रन पर आशीष चौहान ने पवेलियन भेज दिया। दिल्ली की लड़खड़ाती पारी को जोंटी संधु तथा नवदिप सैनी से संभाला तथा आंठवें विकेट के लिये 58 रनों की साझेदारी की। दिल्ली ने अपनी दूसरी पारी में 116.2 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 357 रन बनाये। दिल्ली की ओर से जोंटी संधु ने शानदार शतक लगाते हुये 103 रन नाबाद तथा नवदीप सैनी ने महत्वपूर्ण 22 रन बनाये। छत्तीसगढ की ओर से आशीष चौहान तथा अजय मंडल ने 3-3 विकेट हासिल किये तथा शुभम अग्रवाल ने 2 विकेट प्राप्त किये। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ ने अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 8 ओवरों में 33 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ की ओर से आयुष पांडे 22 रन तथा एकनाथ केरकर 1 रन बनाकर क्रिज पर मौजुद हैं। तीसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ ने 19 रनों की बढत बना ली है।

### डीपीएस की गर्ल्स बास्केटबॉल टीम ने सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप जीती




**रायपुर।** गोल्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के 17 वर्ष आयु समुह में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका टीम ने स्वर्ण पदक जीता। फायनल में ज्योति निकेतन इंग्लिश मिडियम स्कूल केरल को 64-41 अंको से परास्त किया। इसके पूर्व सेमीफाइनल मैच में एपेक्स स्कुल दिल्ली को 66-44 अंको से, क्वार्टर फाइनल मैच में राजनांदगांव की टीम गुरुनानक पब्लिक स्कुल चंडीगढ़ को 50-23 अंको से, इसके अतिरिक्त लीग मैचेस में मेज़बान टीम को 26-01 अंको से, सुगुना पीआईपी कोयंबटूर को 43-14 अंको से, ज्योति निकेतन इंग्लिश मिडियम स्कूल केरल को 37-28 अंको से परास्त कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश की थी। चैंपियन टीम की और से नताशा प्रजापति, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, आर्या विजय अवारे, इशा सिंह, भावना बैरवा, अंकिता गुप्ता, नंदनी, आयुषी पटेल, अक्षदा इंगलेकर, एवं उत्तरा विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नताशा प्रजापति को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। टीम के कोच कालवा राजेश्वर राव, कालवा राधा राव सहायक कोच बबिता तिग्गा थे।

### विनु मांकड क्रिकेट में सिक्किम को हराकर छत्तीसगढ़ पहुंचा प्लेऑफ में



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 विनु मांकड वन डे ट्राफी का आयोजन 4 अक्टूबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा वन डे मैच 12 अक्टूबर को हैदराबाद में सिक्किम के विरुद्ध खेला गया। सिक्किम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 403 रनों का विशाल स्कोर बनाया। छत्तीसगढ की ओर से विकल्प तिवारी ने 88 गेंदों में 17 चौकों तथा 3 छक्कों की मदद से शानदार 138 रन बनाये। विकल्प ने 5वें विकेट के लिये धनंजय नायक के साथ 95 रन तथा छठें विकेट के लिये विवेक यादव के साथ 55 रनों की साझेदारी की। विकल्प के अतिरिक्त साहिल रजत शरीफ ने 72 रन तथा कप्तान विवेक यादव ने 45 रनों का महत्पवूर्ण योगदान दिया। सिक्किम की ओर से प्रवीन ने 4 विकेट प्राप्त किया. लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिक्किम 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन ही बना सकी। सिक्किम के प्रारंभिक बल्लेबाज कुछ खास नही कर सके तथा जल्दी आउट हो गये।

## दुनिया की बड़ी आबादी अवसाद से घिरी, समय पर इलाज जरूरी

# डिप्रेशन से घिरे अपने लोगों की कैसे करें पहचान, इनका साथ देना पहली जरूरत

मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताओं में से एक हैं। साल 2019 के आंकड़ों के अनुसार हर आठ में से एक व्यक्ति या दुनियाभर में 970 मिलियन (97 करोड़) से अधिक लोग मानसिक विकार, चिंता और अवसाद के शिकार थे। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न नकारात्मक परिस्थितियों ने इस खतरे को और भी बढ़ा दिया है। स्ट्रेस-एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी समस्याएं साल-दर-साल बढ़ती जा रही हैं। मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के साथ सामाजिक कलंक की भावना दूर के लिए हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना उसी तरह जरूरी है जैसा कि आप शरीर का ध्यान रखते हैं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर हैं, दोनों में से एक में भी होने वाली समस्या संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है। मेंटल हेल्थ के संदर्भ में डिप्रेशन (अवसाद) काफी चर्चित शब्द रहा है। पर क्या आप जानते हैं कि डिप्रेशन होता क्या है, इसकी पहचान कैसे की जा सकती है और यदि किसी को डिप्रेशन हो जाए तो क्या करना चाहिए?



### बढ़ रहे हैं डिप्रेशन के मामले

आंकड़े बताते हैं कि अवसाद दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रमुख विकार है। हर तीन में से एक महिला और पांच में से एक पुरुष को डिप्रेशन का शिकार पाया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डिप्रेशन मूड से संबंधित विकार है जिसके कारण व्यक्ति को लगातार उदासी और किसी काम में मन न लगने जैसी दिक्कत हो सकती है। यह आपके महसूस करने, सोचने और व्यवहार करने के तरीके को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। दुनियाभर में बढ़ती आत्महत्याओं के लिए भी डिप्रेशन को प्रमुख कारण माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिप्रेशन को गंभीर स्थिति बताते हैं, जिसमें समय रहते इलाज की आवश्यकता होती है। इलाज न होने पर कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं और यहां तक कि आत्मघाती विचार आने का भी खतरा हो सकता है।



### किसी को डिप्रेशन हो जाए तो क्या करें?

डॉ वर्म्रा बताती हैं, मस्तिष्क में कुछ रसायनों जैसे सेरोटोनिन और डोपामाइन के असंतुलन के कारण अवसाद होता है। कुछ प्रकार के ट्रॉमा भी इसकी वजह हो सकते हैं, इसलिए इसका समय पर सही इलाज जरूरी है।

### डिप्रेशन होता क्या है?

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ शैलबाला वर्मा बताती हैं, जीवन की कठिन परिस्थितियों जैसे कि नौकरी छूट जाने या तलाक, पारिवारिक समस्याओं को लेकर दुखी होना सामान्य बात है, हालांकि ये डिप्रेशन नहीं है। अवसाद कई मायनों में अलग होता है, यह कुछ सप्ताह से लेकर कई महीनों तक रह सकता है।

डिप्रेशन किसी को भी हो सकता है चाहे वह बच्चा हो या वयस्क। अगर डिप्रेशन की समय पर पहचान या इलाज न हो पाए तो इसके कारण हार्ट अटैक-स्ट्रोक जैसी जानलेवा समस्याओं का भी खतरा बढ़ जाता है।

### कैसे जानें कि किसी को डिप्रेशन है?

डॉक्टर वर्मा बताती हैं, अवसाद के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। सामान्य तौर पर इसमें व्यक्ति बहुत दुखी-निराश या चिंतित महसूस करता है। आपको उन चीजों से भी चिड़चिड़ापन हो सकता है जो पहले खुशी देती थीं। डिप्रेशन में लोग जल्दी चिढ़ने या गुस्सा होने लगते हैं। ये नींद को भी प्रभावित करती है, जिसके कारण या तो नींद नहीं आती या फिर बार-बार टूट जाती है।



## विदेश में पढ़ाई करने का ख्वाब पूरा होगा वास्तु के इन टिप्स से

ऐसे कई लोग होते हैं, जिनकी यह इच्छा होती है कि वे विदेश जाकर पढ़ाई करें। एक बेहतर डिग्री की मदद से उनके तरक्की के रास्ते भी खुल जाते हैं। हालांकि, हर किसी का सपना पूरा हो जाए, ऐसा जरूरी नहीं है। ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें विदेश जाकर पढ़ाई करने की इच्छा होती है, लेकिन किसी ना किसी कारणवश उनकी राह में अड़चनें आ जाती हैं। ऐसे में व्यक्ति निराश हो जाता है।

हो सकता है कि आपके साथ भी ऐसा ही कुछ हो रहा हो। लेकिन अब आपको दुखी या परेशान होने की जरूरत नहीं है। दरअसल, ऐसे कई वास्तु के उपाय होते हैं, जिन्हें अपनाने से आपको यकीनन लाभ मिल सकता है। वास्तुशास्त्री डॉ. विजयकांत भट्ट ऐसे ही उपायों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आपके विदेश जाकर पढ़ाई करने की संभावनाएं कई गुना बढ़ सकती हैं-

### करें गायत्री मंत्र का जाप

गायत्री मंत्र का जाप करने से विद्यार्थियों को ना केवल अच्छे विचार आते हैं, बल्कि उनके जीवन में सकारात्मकता भी बढ़ती है। इसलिए, जब आप सुबह उठते हैं तो उस समय अपने घर के पूर्व दिशा की खिड़की खोलें और पूर्व दिशा की ओर मुख करके गायत्री मंत्र का जाप करें। अगर पूर्व दिशा में खिड़की नहीं है तो आप छत पर जा सकते हैं या फिर पार्क में भी जा सकते हैं।



### प्लास्टिक के सामान से बचें

चूंकि स्टडी टेबल आपकी पढ़ाई से जुड़ी है, इसलिए इसका गहरा प्रभाव आपकी शिक्षा पर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आप अपनी स्टडी टेबल पर किसी तरह का प्लास्टिक का सामान रखने से बचें। कोशिश करें कि आप प्लास्टिक की जगह कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर अगर शोपीस रखना चाहते हैं तो प्लास्टिक की जगह लकड़ी का बना हुआ शो पीस रखें।

### उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें डॉक्यूमेंट

आपको विदेश में जिस कोर्स में दाखिला लेना है या फिर आपकी स्टडी से जुड़े डॉक्यूमेंट्स को आप हमेशा उत्तर-पश्चिम दिशा में रखें। इससे इनमें पॉजिटिविटी बनी रहती है और आपके विदेश जाने के आसार अधिक बनते हैं। वहीं, अगर आपको कोई मेडल या अवॉर्ड मिला है, तो उन्हें हमेशा उत्तर दिशा में रखें।

### बेकार की चीजों से बचें

हमेशा ध्यान रखें कि आप अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास बेकार की चीजें ना रखें। बेकार की चीजें जैसे रद्दी, पुरानी टूटी-फूटी चीजें या फिर खराब सामान आपके आसपास के औरा को खराब करता है। जिससे उस जगह पर नेगेटिविटी फैलती है। यह देखने में आता है कि जो लोग अपने बेड या स्टडी टेबल के आसपास इस तरह की बेकार की चीजें रखते हैं, उनके काम बनते-बनते बिगड़ने लगते हैं। आप यकीनन ऐसा बिल्कुल भी नहीं चाहेंगे।



## घर की आग्नेय कोण दिशा में क्या नहीं रखें, जरूर जानें



वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वास्तु शास्त्र में दिशाओं को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह मान्यता है कि प्रत्येक दिशा में एक विशिष्ट प्रकार की ऊर्जा होती है जो हमारे जीवन को प्रभावित करती है।

वास्तु के अनुसार, घर या किसी भी संरचना का निर्माण करते समय दिशाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि सकारात्मक ऊर्जा क प्रवाह सुनिश्चित हो सके और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखा जा सके। आपको बता दें, सूर्योदय की दिशा होने के कारण पूर्व दिशा को बहुत शुभ माना जाता है।

इस दिशा में पूजा घर या अध्ययन कक्ष होना शुभ होता है। पश्चिम दिशा को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। इस दिशा में तिजोरी या धन रखने की जगह होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा को भगवान कुबेर की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पानी का स्त्रोत होना शुभ होता है। दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पैरों का होना शुभ नहीं माना जाता है।

उत्तर दिशा को देवताओं की दिशा माना जाता है। यहां पूजा स्थल बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पूर्व दिशा में अग्नि का देवता रहता है। यहां रसोईघर बनाना शुभ होता है। उत्तर-पश्चिम को वायु देवता की दिशा माना जाता है। यहां बच्चों का कमरा बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पश्चिम को पृथ्वी देवी की दिशा माना जाता है। यहां भारी सामान रखना शुभ होता है। अब ऐसे में घर की आग्नेय कोण दिशा में किन चीजों को भूलकर भी नहीं रखना चाहिए। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।

### क्या है आग्नेय कोण दिशा?

आग्नेय कोण वास्तु शास्त्र में एक महत्वपूर्ण दिशा है। इसे दक्षिण-पूर्व दिशा भी कहा जाता है। यह दिशा अग्नि तत्व से संबंधित है और इसमें ऊर्जा का स्तर काफी अधिक होता है। यह दिशा ऊर्जा का एक प्रमुख स्त्रोत मानी जाती है। आमतौर पर रसोई को इसी दिशा में बनाया जाता है क्योंकि अग्नि तत्व रसोई से जुड़ा हुआ है। इस दिशा में बहुत अधिक धातु या पानी का होना शुभ नहीं माना जाता है।

### आग्नेय कोण दिशा में न हो बेडरूम

घर के विभिन्न कोणों का अलग-अलग महत्व होता है। आग्नेय कोण, जो दक्षिण-पूर्व दिशा में होता है, अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। इस कोण में अत्यधिक ऊर्जा होती है और यह गति, ऊर्जा और उत्साह से जुड़ा हुआ है। आग्नेय कोण की अत्यधिक ऊर्जा शांत नींद के लिए अनुकूल नहीं होती। यह बेचैनी, अनिद्रा और तनाव का कारण बन सकती है। वास्तु के अनुसार, आग्नेय कोण में बेडरूम होने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं जैसे कि उच्च रक्तचाप, दिल की बीमारियां और गुस्सा। इस कोण में बेडरूम होने से व्यक्तिगत संबंधों में तनाव और झगड़े बढ़ सकते हैं। आग्नेय कोण में बेडरूम होने से धन हानि हो सकती है। यदि आप एक सक्रिय और ऊर्जावान व्यक्ति हैं, तो आप अपना कार्यक्षेत्र आग्नेय कोण में बना सकते हैं।

## बाजार जैसा लच्छा पराठा बनाएं स्वाद जीत लेगा सबका दिल



नाश्ता हो या फिर लंच व डिनर गर्मागर्म पराठे हर मौके पर लजीज लगते हैं। पराठे ग्रेवी सब्जी से ड्राई सब्जी तक के साथ खाने में स्वादिष्ट लगते हैं। अधिकतर लोगों को पराठा पसंद होता है। पराठे के तरह से बनते हैं। लेकिन जब पराठे में ढेर सारी परते होती हैं तो उसका स्वाद दोगुना हो जाता है। लच्छा पराठा तो खाने के जायजा ही बदल देता है पर आमतौर पर घर पर लोग कई लेयर्स या परतों वाला पराठा नहीं बना पाते। इसे आप लच्छा पराठा भी कह सकते हैं। पराठे में जितनी ज्यादा परते होती हैं, उसका स्वाद उतना ही अच्छा लगता है। बाजार के लच्छा पराठा खाने के लिए आप पैसे खर्च करते हैं लेकिन हम आपको बताने जा रहे हैं 7 लेयर पराठा बनाने की रेसिपी। लच्छा पराठा बनाने की कुछ आसान टिप्स और ट्रिक्स हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में परफेक्ट पराठा बना सकती हैं।

### लच्छा पराठा बनाने का तरीका

गेहूं के आटे, मैदे और पानी को मिलाकर आटा गूंथ लें। आटा गूंथते समय इसमें थोड़ा तेल या घी मिलाएं।आटे को 15 मिनट के लिए ढक कर अलग रख दें। अब आटे की एक बड़ी लोई बेलें। इस लोई में से 7 पतली लेयर्स काट लीजिए।

कार्नर न्यूज

## हाथों और पैरों की लकीरे भी बताती हैं बहुत कुछ

# आपके तलवे की बनावट में छिपा है किस्मत का राज, जानें कैसे

ज्योतिष शास्त्र में हाथों और पैरों की लकीरों में भी हमारी किस्मत और भविष्य से जुड़ी कुछ बातें छिपी होती। हैं। आपने अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि हाथों की लकीरें आपकी तकदीर बदल सकती हैं, लेकिन सिर्फ हाथ ही नहीं बल्कि आपके तलवे में भी कुछ लकीरें होती हैं जो आपके आने वाले समय और आपकी पर्सनैलिटी का पता चलता है। ज्योतिष में ही एक है समुद्र शास्त्र जिससे आपके आने वाले समय के बारे में जानकारी आपके शरीर के कुछ हिस्सों को देखकर बताई जाती है। इसी में एक होती है फुट रीडिंग यानी कि हाथों के साथ पैरों की रेखाओं से भविष्य बताना। फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।



### क्या कहता है फुट रीडिंग का विज्ञान

यह रिफ्लेक्सोलॉजी का एक विस्तार है और माना जाता है कि यह स्वास्थ्य के मुद्दों, भावनात्मक कल्याण और व्यक्तित्व प्रकार को प्रकट करता है। फुट रीडिंग विशेषज्ञों का मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति के पास एक पुरुष और एक महिला के पैर होते हैं, जिसमें दायां एक पुरुष के रूप में कार्य करता है और बाएं एक महिला के रूप में माना जाता है।

### पैर की बनावट बताती है स्वभाव

शीतल जी बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें –

यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं। पैरों के तलवे की रेखाएं यदि तिरछी हैं तो ये आपके अनिर्णय को दर्शाती हैं। ऐसे लोग किसी भी बात के लिए दृढ़ नहीं हो पाते हैं और अपने निर्णय लेने में देरी करते हैं।

नैरो हील्स का मतलब है कि आपको ज्यादा सुरक्षा की जरूरत है और आप कई बातों के लिए दूसरों पर निर्भर हैं। यदि आपके पैर के उत्तर से दक्षिण तक लंबी लाइन है तो आप अपने आप पर बहुत अधिक दबाव डाल रहे हैं। वास्तव में यदि आप किसी चीज़ के बारे में अनिर्णायक हैं या अपने जीवन के किसी पहलू में संघर्ष कर रहे हैं, तो एक फुट रीडिंग आपकी दुविधा को दूर कर सकती है।



### पैरों की रेखाओं में छिपी है किस्मत

फुट रीडिंग में तलवे में कुछ ऐसी रेखाएं होती हैं जो पैर के तलवों की बनावट और उनमें बने निशान के आधार पर भविष्य के बारे में बताते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिन लोगों के तलवे दिखने में नरम होते हैं और इसमें कम रेखाएं दिखती हैं वो ज्यादा भाग्यशाली होते हैं। ऐसे लोगों पर लक्ष्मी की कृपा ज्यादा होती है। जिन लोगों के तलवे में तिरछी रेखाएं होती हैं और अस्त व्यस्त नजर आती हैं उनके जीवन में समस्याएं ज्यादा होती हैं। जिन लोगों के तलवे सपाट होते हैं वो मेहनती होते हैं और विचारों से खुले होते हैं। ऐसे लोग दूसरों की हमेशा मदद करते हैं इसलिए लोगों के बीच में प्रसिद्धि पाते हैं। यदि पैर के तलवे में चक्र, कमल के फूल या शंख नजर आए तो आप जीवन में बहुत ज्यादा प्रसिद्धि पाएंगे और कुछ बड़े स्थानों में कार्यरत होंगे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मशहूर उपन्यास 'स्कार्पेटा' अब दर्शकों के सामने सीरीज के रुप में



लेखिका पेट्रीसिया कॉर्नवेल के सबसे अधिक बिकने वाले अपराध उपन्यास 'स्कार्पेटा' को सीरीज में तब्दील किया जा रहा है। इसमें हॉलीवुड स्टार्स निकोल किडमैन और जेमी ली कर्टिस अपने अभिनय का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। जानकारी के अनुसार, किडमैन 'स्कार्पेटा' का शीर्षक किरदार निभाएंगी। कर्टिस उनकी बहन डोरोथी की भूमिका में होंगी। प्रशंसित निर्देशक डेविड गॉर्डन ग्रीन दो सीजन के पहले दो एपिसोड का निर्देशन करेंगे।

'स्कार्पेटा' में निकोल किडमैन और जेमी ली कर्टिस के अलावा बॉबी कैनावले, साइमन बेकर, एरियाना डेबोस, रोजी मैकवेन और जेक कैनावले शामिल हैं। किडमैन और कर्टिस दोनों कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़ी हुई हैं। निकोल किडमैन को हाल ही में नेटफ्लिक्स पर मिस्ट्री सीरीज 'द परफेक्ट कपल' में देखा गया था। वहीं, इस अपराध सीरीज के एलान मात्र ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा दिया है। कॉर्नवाल की अपराध उपन्यास सीरीज 1990 के 'पोस्टमॉर्टम' से शुरू हुई, जिसके बाद पिछले तीन दशकों में 20 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हुईं। सबसे हालिया किस्त 2023 में जारी की गई थी। कर्टिस ने हाल ही में 'एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वन्स' में अपने प्रदर्शन के लिए ऑस्कर जीता। वहीं, 'स्कार्पेटा' पर बात करते हुए निकोल किडमैन ने कहा कि वह लंबे समय से अपनी कंपनी, कॉमेट पिक्चर्स के साथ कॉर्नवेल की उपन्यास सीरीज का स्क्रीन रूपांतरण बनाने की कोशिश कर रही हैं। सीरीज का निर्माण ब्लमहाउस टेलीविजन और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने ब्लॉसम फिल्म्स और कॉमेट पिक्चर्स के सहयोग से किया है।

### टॉलीवुड

## शुरू हुआ 'गुड बैड अग्ली' का नया शूटिंग शेड्यूल



साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अभिनेता पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हाल ही में फिल्म से अजित का पहला लुक सामने आया था, जिसमें वे माफिया डॉन के किरदार में नजर आए थे। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'गुड बैड अग्ली' अब अपने फिल्मांकन के अंतिम चरण के करीब है। अजित कुमार की महत्वाकांक्षी फिल्म का नया शेड्यूल हाल ही में स्पेन में शुरू हुआ है। दावा किया जा रहा है कि 'गुड बैड अग्ली' की टीम ने एक छोटे ब्रेक के बाद आखिरकार फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। अजीत कुमार, निर्देशक आदिक रविचंद्रन और उनकी टीम ने कथित तौर पर स्पेन के वेलेंसिया में एक्शन से भरपूर फिल्म के नए शेड्यूल की शुरुआत की है। मुख्य अभिनेता अजीत के साथ हाल ही में टीम में शामिल हुए प्रसन्ना और फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली त्रिशा कृष्णन सहित बाकी कलाकार स्पेन शेड्यूल का हिस्सा हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक स्टार कास्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन खबरें हैं कि अभिनेता नसलेन के गफूर आदिक रविचंद्रन की फिल्म से अपना तमिल डेब्यू कर रहे हैं। प्रभास अभिनीत सालार में पृथ्वीराज सुकुमारन के बचपन का किरदार निभाने वाले युवा अभिनेता कार्तिकेय देव के भी टीम का हिस्सा होने की अफवाह है। अभिनेता सुनील और छायाकार-अभिनेता नट्टी उर्फ नटराजन सुब्रमण्यम, रेडिन किंग्सले और 'डॉक्टर' जोड़ी रघु राम और राजीव लक्ष्मण भी गुड बैड अग्ली कास्ट का हिस्सा हैं।

### भोजपुरी

## विवादों के साये में राजाराम का फर्स्ट लुक जारी, बढ़ी सरगर्मी



मुंबई में किसी भोजपुरी फिल्म का कार्यक्रम और कार्यक्रम में तमाशा न हो, हो ही नहीं सकता। शुक्रवार को यहां भोजपुरी फिल्म ₹राजाराम₹ का फर्स्ट लुक जारी किया गया। कार्यक्रम में अपने अलग ही लुक में पहुंचे खेसारी ने मंच पर वह सब कुछ किया जिससे इस कार्यक्रम की खबर बन सके। उन्होंने फिल्म बनाने वालों के साथ फिल्म का पोस्टर जारी किया। पोस्टर पर भगवान राम के अपने रूप के अनुसार कमान पर तीर भी चढ़ाया और फि जब बारी भोजपुरी के अरमानों की आई तो वहीं उसी मंच पर 'चुम्मा चुम्मा' गाने पर ठुमके भी खूब लगाए। कार्यक्रम में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी तब मची, जब वहां खेसारी का एक चाहने वाला चाकू लहराता पहुंच गया। इस मौके पर खेसारीलाल यादव ने कहा, "मैं हमेशा अपने प्रशंसकों के प्यार और समर्थन का आभारी हूं। मेरा प्रयास है कि मैं अपने काम से सभी को मनोरंजन प्रदान करूं। मेरी अपील है कि भोजपुरी सिनेमा को बेहतर बनाने में सभी सहयोग करें। फिल्म ₹राजाराम₹ मेरी सबसे खास फिल्मों में से एक है, जिसमें मुझे एक चुनौतीपूर्ण और अनोखा किरदार निभाने का मौका मिला है।"

जानकारी के मुताबिक ₹राजाराम₹ एक सुपरस्टार की कहानी है, जो उसके व्यक्तित्व और उसने आने वाले परिवर्तन के साथ साथ उसके समाज में योगदान को भी दर्शाती है।




स्पेनिश वैश्विक फैशन ने दुनिया भर के फैशन उद्योग पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने वैश्विक फैशन रुझानों को आकार दिया है और दुनिया भर के फैशन उत्साही लोगों को आकर्षित किया है। स्पेन में समृद्ध संस्कृति और जीवंत फैशन परिदृश्य राजधानी मैड्रिड में इस फैशन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे आगे रखा है। यूरोप केंद्रित सौंदर्य मानकों पर रंगीन और बोल्ड सौंदर्यशास्त्र के प्रति स्पेनिश फैशन अपनी अनूठी शैली और प्रभाव के लिए नजर आता है।

## लंबे-घने बालों पर ठहर जाएंगी सबकी नजर



लंबे-घने बाल ज्यादातर महिलाओं को पसंद होते हैं। लेकिन, आजकल कहीं न कहीं लंबे-घने और हेल्दी बाल पाना भी किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। आज के समय पर कई कारणों के चलते, बालों की मनचाही ग्रोथ पाना मुश्किल हो गया है। बालों का झड़ना, समय से पहले सफेद होना, पतला और कमजोर होना, ये कुछ ऐसी दिक्कतें हैं, जिनसे लगभग सभी महिलाएं परेशान हैं। कई बार महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का असर भी बालों पर कुछ वक्त के लिए ही रहता है। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स बालों को खराब भी कर सकते हैं। ऐसे में बालों और स्किन को हेल्दी बनाने में घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं। अगर आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है, झड़ते-झड़ते बालों की ग्रोथ आधी हो गई है, तो आपको इस नुस्खे को आजमाना चाहिए। इस बारे में हेल्थ और ब्यूटी एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।

### बालों में लगाएं घी और बादाम

दो बादाम को पीस लें। इसमें 3 टेबलस्पून घी को मिला लें। घी में बादाम को हल्का भूरा होने तक भूनें। इससे बालों की जड़ों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। इसे हफ्ते में 2 बार लगाएं। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए इस नुस्खे की मदद लें। साथ ही, हेल्दी डाइट पर भी ध्यान दें। अगर आपको बालों को लंबा, घना और मुलायम बनाने का यह उपाय पसंद आया हो, तो इस आर्टिकल को शेयर करना न भूलें। साथ ही, इस आर्टिकल पर अपनी राय हमें उपर दिए गए कमेंट सेक्शन में जरूर बताएं। ऐसे अन्य आर्टिकल पढ़ने के लिए हरजिंदगी को फॉलो करें।

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल, लगेंगी बेहद खूबसूरत




स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राइ कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ



जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के खूबसूरत डिजाइंस



चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### सुई धागा इयररिंग डिजाइन

सुई धागा डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। इस तरह के में आपको डबल इयररिंग्स डिजाइन और इयरकफ स्टाइल इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों को हैवी लुक भी देने में मदद करेंगे। वहीं इसके अलावा आप चैन स्टाइल इयररिंग्स को भी स्टाइल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### आज लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखना ट्रेंडिंग फैशन

# शान से बढ़ाईए बियर्ड, अपने शौक को जुनून में बदलने अपनाएं जरूरी टिप्स

*लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखने वाले लोगों के लिए फैशन है। लेकिन ये उन लोगों के लिए समस्या है, जिन्हें बियर्ड नहीं आती है। लेकिन कोई भी ये उम्मीद नहीं कर सकता है कि रातों-रात उसकी दाढ़ी घनी और हेल्दी हो जाएगी। बियर्ड को सही केयर और नियमित पोषण की जरूरत पड़ती है। इस काम को पूरा करने और फेशियल हेयर को पोषण देने के लिए ही बियर्ड ऑयल का इजाद किया गया था। ऐसी कई रिसर्च मौजूद हैं, जिनमें ये बात साबित हुई है कि, बियर्ड ऑयल, फेशियल हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करते हैं।सही तरीके से इस्तेमाल करने पर आप भी फायदे उठा सकते हैं।*



### क्या बियर्डमैन बनना मुश्किल है?

बियर्ड केयर में लगने वाला समय, ग्रूमिंग टेक्निक और धैर्य, ये तीनों ही चीजें हर किसी के पास मिलना बहुत मुश्किल है। लेकिन अगर ये किसी इंसान के पास हैं तो, वो आराम से बियर्ड मैन बन सकता है।

### बियर्ड ऑयल क्या है?

बियर्ड की हेल्दी ग्रोथ के लिए बियर्ड को नम और मुलायम बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस काम के लिए ही लोग बियर्ड ऑयल का प्रयोग करते हैं। बियर्ड ऑयल एक कंडीशनिंग प्रोडक्ट है, जिसका प्रयोग लोग दाढ़ी की ग्रूमिंग में करते हैं। बियर्ड ऑयल, बढ़ रहे बालों को मुलायम बनाता है। ये स्किन को मुलायम बनाता है जिसकी वजह से बियर्ड की ग्रोथ अच्छी होती है। इस तरह की बियर्ड को ही साफ-सुथरी और वेल ग्रूम्ड बियर्ड माना जाता है।

### बियर्ड ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?



जब आप किसी प्रोफेशनल की तरह बियर्ड को बढ़ाना चाहें तो, कोई भी बियर्ड ऑयल यूं ही खरीद लेने से कोई चमत्कार नहीं होने वाला है। कम समय में बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको उसे सही ढंग से लगाना होगा।

अब मैं इससे जुड़े कुछ टिप्स आपको दे रहा हूं, जिनका इस्तेमाल भविष्य में बियर्ड ग्रोथ ऑयल लगाते समय कर सकते हैं। बियर्ड ऑयल लगाने से पहले चेहरे को हमेशा अच्छी तरह से धोएं। खासतौर पर तब जब आपने बियर्ड बढ़ाना शुरू ही किया हो। इसे स्किन के रोमछिद्र खुल जाते हैं और स्किन तेल को अच्छी तरह से सोख पाती है।

चेहरे के बियर्ड वाले हिस्से पर तेल नियमित रूप से लगाएं। इसे स्किन के अन्य हिस्सों पर लगाने से बचें। अब इसमें लगातार चेहरे पर लगाने से क्या फायदे होते हैं, ये बात सभी जानते हैं, लेकिन बात वही है कि असल फायदे उसे ही मिल पाते हैं जो नियमित रूप से इसे लगाता रहता है।

दिन के बाकी अन्य कामों की तरह ही बियर्ड ग्रूमिंग का टाइम भी सेट करें। इस काम के लिए आप किसी एप या रिमाइंडर एप की मदद भी ले सकते हैं। इससे आपकी बियर्ड कभी भी अपने न्यूट्रीशन के टाइम को मिस नहीं करेगा। बियर्ड के साइज के अनुसार ही उसमें लगने वाले बियर्ड ऑयल की मात्रा तय करें। ज